RNI No. DLHIN/25/A2321

DD

# दिव्य दिल्ली

दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

वर्षः 01, अंकः 22, पृष्ठः 08

infodivyadelhi@gmail.com

मंगलवार, 30 सितम्बर, 2025 तदनुसार 19 भाद्रपद विक्रमी सम्वत 2082 | www.divyadelhi.com | facebook.com/divyadelhi

तापमान अधिकतम 30 डिग्री न्यूनतम 25 डिग्री | सूर्योदय 05.25 | सूर्यास्त 06.50

## केंद्र सरकार स्थापित करेगी 72,300 ईवी चार्जिंग स्टेशन

**राजेश चौहान**
**नई दिल्ली**
केंद्र ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत 2,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ देशभर में लगभग 72,300 सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन मानदंडों में विभिन्न स्थानों पर ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना के समर्थन के लिए एक सब्सिडी संरचना का पालन करने की सिफारिश की गई है। सरकारी परिसरों जैसे कार्यालय, आवासीय परिसर, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों को बुनियादी ढांचे और ईवी चार्जिंग उपकरण दोनों पर 100 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी, बशर्ते उन्हें चार्जिंग की सुविधा सभी को प्रदान करनी होगी।

**कितनी मिलेगी सब्सिडी?**
शहरों और राजमार्गों के किनारे स्थित उन स्थानों के लिए जिनका स्वामित्व राज्या या केंद्र सरकारों या उनके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के पास है, उन्हें बुनियादी ढांचे के 80 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्ति उपकरण लागत की 70 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। इसके अलावा, राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के साथ-साथ शहरों-गलियों, शॉपिंग मॉल, बाजार परिसरों आदि के लिए अपस्ट्रीम बुनियादी ढांचे पर 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। किसी भी स्थान पर स्थापित बैटरी स्वैपिंग चार्जिंग स्टेशन के लिए बुनियादी ढांचे के 80 प्रतिशत पर सब्सिडी दी जाएगी। मानदंडों के अनुसार, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी के तौर पर काम करेगा।



### आयुर्वेदिक उपचारों की वैज्ञानिक विश्वसनीयता

केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) और अन्य शोध संस्थानों के माध्यम से उच्च-गुणवत्ता वाले नैदानिक परीक्षण किए जा रहे हैं। जाधव ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ साझेदारी में आयुर्वेदिक उपचारों की वैज्ञानिक विश्वसनीयता को और मजबूत करने के लिए मानक निर्धारित किए जा रहे हैं। आधुनिक चिकित्सा और भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के बीच प्रतिस्पर्धा पर जाधव ने कहा कि हमारा लक्ष्य एक एकीकृत स्वास्थ्य सेवा माडल विकसित करना है। ंत्री ने हाल ही में कहा था, "स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम माड्यूल तैयार करने हेतु एनसीईआरटी और यूजीसी के साथ चर्चा चल रही है।"

### पाठ्यक्रम में आयुर्वेद को शामिल करने पर काम जारी

**नई दिल्ली**
आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य स्कूलों और कालेजों में स्वास्थ्य शिक्षा पाठ्यक्रम में आयुर्वेद को शामिल करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम माड्यूल तैयार करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं ताकि युवा पीढ़ी समग्र स्वास्थ्य के सिद्धांतों से जुड़ सके। जाधव ने कहा कि गोवा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों ने स्कूली शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली को पहले ही शामिल कर लिया है। मंत्री ने हाल ही में कहा था, "स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम माड्यूल तैयार करने हेतु एनसीईआरटी और यूजीसी के साथ चर्चा चल रही है।" आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के प्रयासों के बारे में जाधव ने कहा कि आयुष मंत्रालय साक्ष्य-आधारित अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### सरकार ने एससी मुर्मू को आरबीआई का डिप्टी गवर्नर नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शिरीष चंद्र मुर्मू को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। वह राजेश्वर राव की जगह लेंगे और उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने शिरीष चंद्र मुर्मू को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। मुर्मू की नियुक्ति 9 अक्टूबर से प्रभावी होगी। वह वर्तमान में रिजर्व बैंक में कार्यकारी निदेशक हैं। मौजूदा डिप्टी गवर्नर राजेश्वर राव का स्थान लेने वाले शिरीष चंद्र मुर्मू वर्तमान में बैंकिंग विनियमन और अन्य विभागों के प्रभारी डिप्टी गवर्नर हैं।

## जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद एनसीएच को मिली 3000 शिकायतें

**नई दिल्ली**
देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 लागू होने के बाद सरकार की राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) को कम करों से संबंधित 3,000 शिकायतें मिली हैं। इन्हें आगे की कार्रवाई के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को भेजा गया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमें अबतक 3,000 उपभोक्ता शिकायतें प्राप्त हुई हैं। हम उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए सीबीआईसी




को भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय उन मामलों पर कड़ी निगरानी रख रहा है, जहां जीएसटी की दरों में कमी का लाभ उपभोक्ताओं को देने से बचने के लिए भ्रामक छूट प्रथाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को धोखा दिया जा रहा है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने आगे कहा कि मंत्रालय विभिन्न क्षेत्रों में शिकायतों की स्पष्ट जानकारी प्राप्त करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और चैटबॉट तकनीक का उपयोग कर रहा है। यह शिकायत प्रणाली ऐसे समय में आई है, जब ऐसी चिंताएं हैं कि खुदरा विक्रेता जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा रहे हैं, जिसके कारण सरकार अपनी निगरानी प्रणाली को मजबूत कर रही है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने देश में जीएसटी 2.0 लागू किया है, जो 2017 के बाद से उसके माल और सेवा कर (जीएसटी) में सबसे बड़ा बदलाव है।

## बूढ़ी मां के दर्द को सुन द्रवित हुए सीएम, पीड़ित बेटे को भिजवाया अस्पताल

**लखनऊ**
शक्ति स्वरूपा मां जगतजननी की आराधना के पर्व शारदीय नवरात्रि में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रूप देख द्रवित मां के कलेजे ने उन्हें खूब आशीर्वाद दिया। मां की जुबां में दर्द था, लेकिन आंखों में उस समय सुकून आ गया, जब वह अपना दर्द यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ से बयां कर ली। नर सेवा को नारायण सेवा और 25 करोड़ प्रदेशवासियों को परिवार मानने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक बूढ़ी मां का दर्द सुन द्रवित हो गए। सीएम योगी ने तत्काल उनके कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियिलिटी कैंसर



इंस्टीट्यूट भिजवाया और बेहतर इलाज का निर्देश दिया। कभी दर-दर भटक रही कानपुर की गरीब महिला के लिए शारदीय नवरात्रि उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह सोमवार को 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंचीं।

**सीएम ने सरकारी एंबुलेंस से पीड़ित को भिजवाया हॉस्पिटल**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री एक-एक करके सभी के पास पहुंचे, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया। इसी बीच कानपुर के रायपुरवा की 63-64 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री जी से कहा कि महाराज, हमारे जवान बेटे को कैंसर हो गया है। हम गरीब हैं, इलाज नहीं करा पा रहे। हमारे पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है। मेरे बेटे को जिंदगी दे दीजिए। इलाज के लिए कुछ आर्थिक सहायता मिल जाए। बुजुर्ग महिला की यह बात सुन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उस बच्चे को कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियिलिटी इंस्टीट्यूट भिजवाने और उपचार प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 'जनता दर्शन' से सीधे उसे अस्पताल भेज दिया गया। वहां उसकी जांच प्रारंभ हो गई।

### बीसीसीआई टीम इंडिया और सपोर्ट स्टाफ को देगा 21 करोड़ रुपये का इनाम

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 जीतने के बाद भारतीय टीम पर इनामों की बारिश शुरू हो गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम इंडिया और सपोर्ट स्टाफ को कुल 21 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। यह रकम टूनामेंट की आधिकारिक प्राइज मनी से आठ गुना अधिक है। फाइनल मुकाबले में तिलक वर्मा की नाबाद 69 रनों की अर्धशतकीय पारी ने भारत को 5 विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। इसी के साथ भारत ने पाकिस्तान को इस टूर्नामेंट में तीसरी बार हराया और लगातार नौवीं बार एशिया कप खिताब अपने नाम किया।

## रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में आईसीजी के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया

**नई दिल्ली**
भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) कमांडरों के 42वें सम्मेलन में सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने समुद्र में आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ने, तस्करी और समुद्री प्रदूषण सहित गैर-पारंपरिक खतरों का मुकाबला करने में आईसीजी की भूमिका को सराहा। रक्षा मंत्री ने खोज और बचाव (एसएआर) अभियानों में आईसीजी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

तटरक्षक मुख्यालय में रविवार को शुरू हुआ आईसीजी कमांडरों का सम्मेलन 30 सितंबर तक चलेगा। तीन दिनों के इस वार्षिक सम्मेलन में




आईसीजी का वरिष्ठ नेतृत्व उभरती भू-राजनीतिक गतिशीलता और समुद्री सुरक्षा चुनौतियों के बीच रणनीतिक, परिचालनात्मक और प्रशासनिक अनिवार्यताओं पर विचार-विमर्श कर रहा है। सम्मेलन के दूसरे दिन आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईसीजी के महानिदेशक परमेश शिवमणि और अन्य वरिष्ठ कमांडरों के साथ२२२२ सम्मेलन को संबोधित किया। अपने मुख्य भाषण में रक्षा मंत्री ने वैश्विक व्यापार, ऊर्जा प्रवाह और भू-राजनीतिक जुड़ाव के लिए एक महत्वपूर्ण गलियारे के रूप में हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया। रक्षा मंत्री ने 1977 में अपनी स्थापना के बाद से

## महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में बवाल, हाईवे जाम

### आई लव मोहम्मद' लिखने से तनाव; पथराव, पुलिस का लाठीचार्ज

**अहिल्यानगर**
महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सोमवार को सड़क पर रंगोली से 'आई लव मोहम्मद' लिखने को लेकर बवाल हो गया। मुस्लिम समुदाय ने प्रदर्शन करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजीनगर हाईवे जाम कर दिया। पुलिस जाम खुलवाने पहुंची तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को सड़क से हटाया। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने रंगोली बनाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

**पूरा मामला समझें**
अहिल्यानगर के पास कोटला गांव में सोमवार सुबह सड़क पर रंगोली से 'आई लव मोहम्मद' लिख दिया



गया। इस सड़क पर हिंदूवादी संगठन हिंदुस्तान शिव प्रतिष्ठान ने दुर्गा माता दौड़ का आयोजन रखा था। सुबह करीब 7 बजे जानकारी मिलते ही शहर के मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजी नगर हाईवे जाम कर दिया। इससे गांव के दोनों ओर सैकड़ों वाहन जमा हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खत्म कराने लगी तो भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को हटा दिया।

रढ सोनाथ घर्गे ने बताया कि पुलिस ने पथराव करने वाले करीब 30 लोगों को हिरासत में लिया है।

**फडणवीस बोले- ये साजिश**
सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अहिल्यानगर की घटना पर कहा- ऐसा लगता है की ये साजिश है। राज्य में तनाव पैदा कर शांति भंग करने की कोशिश हो रही है।इस मामले में जांच की जाएगी दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बहुउद्देशीय शिविर रथ को किया रवाना

### यह रथ गरीब वर्ग के लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएगा



**देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह रथ 125 दिन तक राज्य के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 240 बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से गरीब, जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएगा। इन शिविरों के माध्यम से ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में जनपदों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सभी लाभार्थी योजनाओं एवं सेवाओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर समाज कल्याण अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल, माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, पूर्व विधायक प्रणव चैंपियन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बिहार को रेल मंत्री की सौगात, तीन अमृत भारत ट्रेनों का शुभारंभ

**नई दिल्ली**
बिहार को सोमवार को रेलवे से बड़ी सौगात मिली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस और चार नई पैसेंजर ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। नई ट्रेनों के शुभारंभ से बिहार की कनेक्टिविटी न केवल उत्तर भारत बल्कि दक्षिण भारत से भी और मजबूत होगी। रेल मंत्री वैष्णव ने दरभंगाझअजमेर (मदार), मुजफ्फरपुर-हैदराबाद (चर्लपल्ली) और छपरा-दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें से मुजफ्फरपुरझचर्लपल्ली एक्सप्रेस दक्षिण भारत जाने वाली पहली अमृत भारत ट्रेन है। वहीं, छपराझदिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार की छठी ट्रेन होगी जो दिल्ली को सीधे जोड़ेगी। इन ट्रेनों से यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। अमृत भारत एक्सप्रेस को भारतीय रेल ने स्वदेशी तकनीक से विकसित किया है। इसमें सेमी-ऑटोमैटिक कपलर, फायर डिटेक्शन सिस्टम, सील्ड गैंगवे और टॉक-बैक यूनिट जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल की गई हैं। पहली बार गैर-एसी



डिब्बों में भी उन्नत सुरक्षा तकनीक लगाई गई है। वैष्णव ने कहा कि यह ट्रेन न केवल किफायती और तेज यात्रा का साधन है बल्कि रेलवे के आधुनिकीकरण का प्रतीक भी बन चुकी है। इसके साथ ही आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चार नई पैसेंजर ट्रेनों की भी शुरूआत की गई है। इनमें पटनाझबक्सर, झाझा-दानापुर, पटना-इसलामपुर और नवादा-पटना पैसेंजर शामिल हैं। नवादा से पटना के बीच चलने वाली ट्रेन नई शेखपुरा-बारबिघा-बिहार शरीफ रेलखंड से होकर गुजरेगी। इससे बारबिघा और अस्थावां क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। इसी तरह, पटना-इसलामपुर ट्रेन जटदुमरी-फजलचक-टॉप सरथुआझदनियावां मार्ग से चलेगी, जिससे इस इलाके को पहली बार यात्री ट्रेन सुविधा मिलेगी। पटनाझबक्सर पैसेंजर ट्रेन दानापुर और आरा के रास्ते चलेगी, जबकि झाझाझदानापुर पैसेंजर ट्रेन जमुई, किउल, बख्तियारपुर और फतुहा होते हुए पटना पहुंचेगी। इन ट्रेनों के संचालन से प्रदेश के विभिन्न जिलों के यात्रियों को सुगम और किफायती यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी।

वैष्णव ने कहा कि 2014 से पहले बिहार में रेलवे का बजट मात्र 1,000 करोड़ रुपये के आसपास होता था, जबकि अब यह बढ़कर 10,000 करोड़ रुपये हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में एक लाख करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं चल रही हैं। राज्य का रेलवे नेटवर्क शत प्रतिशत विद्युतीकृत हो चुका है और अब तक 1,899 किलोमीटर नए ट्रैक बिछाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पहले केवल कुछ ही परियोजनाएं पूरी हो पाती थीं, लेकिन अब लंबित कार्य तेजी से पूरे हो रहे हैं।

कई नए सर्वेक्षण किए जा रहे हैं और नई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। राज्य में 14 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस (28 सेवाएं) 25 जिलों को जोड़ रही हैं, जबकि 10 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस (20 सेवाएं) 28 जिलों तक पहुंच चुकी हैं।



# जीएसटी सुधार का लाभ हर आम आदमी तक पहुंचे: मोदी

## दिल्ली बीजेपी को मिला नया दफ्तर: पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा आज नवरात्र के इन पावन दिनों में दिल्ली भाजपा को अपना नया कार्यालय मिला है। दिल्ली भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई। भाजपा की स्थापना को 45 वर्ष हो गए हैं, लेकिन जिस बीज से भाजपा इतने विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित हुई है, उसका बीजारोपण अक्तूबर 1951 में हुआ था, जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में जनसंघ की स्थापना हुई थी। आज दिल्ली भाजपा के पास जो ताकत है, वह पिछले दशकों में हमारे लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग और कड़ी मेहनत का परिणाम है। साथ ही देशभर के कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा, हमें यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी सुधार का लाभ आम आदमी तक पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि, दिल्ली और भाजपा का रिश्ता सिर्फ. एक शहर और एक पार्टी का नहीं है, ये सेवा, संस्कार और सुख-दुख में साथ निभाने का है। पहले जनसंघ और फिर भाजपा के रूप में, हमारी पार्टी हमेशा दिल्ली के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है।



जनसंघ की स्थापना के बाद से, हमने हर तरह से दिल्ली के लोगों की सेवा की है। आपातकाल के दौरान, जनसंघ के नेताओं ने दिल्ली के लोगों के साथ मिलकर सरकारी दमन के खिलाफ लड़ाई लड़ी। यहां तक कि 1984 के सिख दंगों के दौरान, जिसने दिल्ली की आत्मा पर गहरा आघात पहुंचाया, दिल्ली भाजपा ने हमारे सिख भाइयों की रक्षा की।

### हमने जीएसटी कम किया, हिमाचल की सरकार ने सीमेंट के दाम बढ़ा दिए: पीएम

पीएम मोदी ने कहा, भाजपा सरकारों के हर अच्छे काम का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचना जरूरी है, इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव सजग रहना होगा। मैं दिल्ली और देशभर के कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूं कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी सुधार का लाभ आम आदमी तक पहुंचे, जहां हम विपक्ष में हैं, वहां हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि वहां की सरकार जीएसटी में कमी का लाभ जनता को दे। जैसे ही हमने



जीएसटी कम किया, हिमाचल की सरकार ने सीमेंट के दाम बढ़ा दिए, यानी उसी दिन से हिमाचल में सरकार ने जनता के हक की चीज लूटनी शुरू कर दी। हमें भारत को आत्मनिर्भर बनाना है और स्वदेशी अपनाना है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा, आज हम सभी के लिए खुशी का अवसर है कि लंबे इंतजार के बाद, दिल्ली
प्रदेश भाजपा को अपना कार्यालय मिल गया है और प्रधानमंत्री द्वारा इसका उद्घाटन किया गया है। मैं प्रधानमंत्री का धन्यवाद करता हूं कि जब भी हमने पार्टी के लिए किसी भी काम के लिए मार्गदर्शन मांगा, उन्होंने हमेशा हमारा साथ दिया, मैं उनका धन्यवाद करता हूं।

### भाजपा के झूठे वादे और केंद्र की बेरुखी ने भड़काया लद्दाख आंदोलन: कांग्रेस नेता

**जम्मू**
जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष तारिक कर्रा ने रविवार को कहा कि भाजपा की झूठी उम्मीदों और केंद्र सरकार की बेरुखी ने लद्दाख में हो रहे आंदोलन को जन्म दिया है।
भाजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया था, जिसे पूरा नहीं किया गया। तारिक कर्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, यदि भाजपा ने अपने वादे निभाए होते तो आज की यह स्थिति नहीं होती। भाजपा केंद्र सरकार की गलतियों और वादाखिलाफी को छुपाने के लिए कांग्रेस पर आरोप लगा रही है।

### दिल्ली सरकार दिल्ली के पुनर्निर्माण में जुटी: पीएम मोदी



प्रधानमंत्री ने कहा, कई वर्षों के अंतराल के बाद आज दिल्ली में भाजपा की सरकार है। दिल्ली के लोगों ने अपने बेहतर भविष्य के सपने और उम्मीदें भाजपा में लगाई हैं। इसलिए नए प्रदेश कार्यालय में बैठे हर व्यक्ति की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली सरकार दिल्ली के पुनर्निर्माण में जुटी है। इसलिए जब दिल्ली भाजपा सरकार और दिल्ली भाजपा कार्यालय कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे, तो हम विकसित भारत, विकसित दिल्ली के सपने को और तेजी से पूरा कर पाएंगे।
**हमने जीएसटी कम किया, हिमाचल की सरकार ने सीमेंट के दाम बढ़ा दिए: पीएम मोदी**
पीएम मोदी ने कहा, भाजपा सरकारों के हर अच्छे काम का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचना जरूरी है, इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव सजग रहना होगा। मैं दिल्ली और देशभर के कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूं कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी सुधार का लाभ आम आदमी तक पहुंचे, जहां हम विपक्ष में हैं, वहां हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि वहां की सरकार जीएसटी में कमी का लाभ जनता को दे। जैसे ही हमने जीएसटी कम किया, हिमाचल की सरकार ने सीमेंट के दाम बढ़ा दिए, यानी उसी दिन से हिमाचल में सरकार ने जनता के हक की चीज लूटनी शुरू कर दी। हमें भारत को आत्मनिर्भर बनाना है और स्वदेशी अपनाना है।

## वायदा बाजार में नए शिखर पर सोना और चांदी, रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंची कीमत

**नई दिल्ली**
सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत लगातार नई ऊंचाई पर पहुंचने का नया कीर्तिमान बना रही है। इसी तरह घरेलू वायदा बाजार में भी सोना और चांदी की कीमत अभी तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई है। आज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर का गोल्ड कॉन्ट्रैक्ट 1,15,939 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह अक्टूबर का गोल्ड कॉन्ट्रैक्ट भी 1,14,992 रुपये प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर पहुंचा हुआ है। सोने की तरह ही वायदा बाजार में चांदी की कीमत भी सर्वोच्च शिखर पर पहुंची हुई है। दिसंबर की डिलीवरी वाला सिल्वर फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट आज 1,44,179 रुपये प्रति किलोग्राम के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचा हुआ नजर आया। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद और डॉलर की कीमत में ओवरऑल कमजोरी का रुख बनने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। कमोडिटी मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में तेजी आने के पीछे तमाम देशों पर अमेरिकी टैरिफ के बोझ को भी एक बड़ी वजह माना जा सकता है। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापारिक तनाव, भारत के साथ ट्रेड डील को लेकर जारी अनिश्चितता, रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव की वजह से भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है।

## अनुराग ठाकुर करूर त्रासदी प्रभावितों से करेंगे मुलाकात

**शिमला**
तमिलनाडु के करूर जिले में शनिवार को आयोजित एक राजनीतिक रैली के दौरान मची भगदड़ में 40 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह रैली दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम द्वारा आयोजित की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हेमा मालिनी के नेतृत्व में एक 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विश्व हृदय दिवस पर आह्वान, कहा- हार्ट हेल्थ का सभी रखें ध्यान


**भोपाल**
हर साल दुनियाभर में 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य दिल के रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी प्रदेशवासियों से अपने हृदय को स्वस्थ रखने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्मय से कहा है कि 'विश्व हृदय दिवस' पर सभी प्रदेशवासी अपने हृदय की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संकल्प लें



और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।
मुख्यमंत्री कहा कि अगर हृदय स्वस्थ रहेगा, तभी जीवन में आनंद और परिवार में खुशियों का वास होगा! आवश्यक है कि सभी अपने स्वास्थ्य का सदैव ध्यान रखें।

## घाटी में फिर लौटी रौनक: पहलगाम हमले के बाद बंद हुए सात पर्यटन स्थल फिर से खुले

जम्मू
जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को कश्मीर घाटी के उन सात प्रमुख पर्यटन स्थलों को दोबारा खोल दिया है, जिन्हें 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद एहतियातन बंद कर दिया गया था। यह निर्णय शुक्रवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई यूनिफाइड हेडक्वार्टर की बैठक के बाद लिया गया। आज यूएचक्यू की बैठक में सुरक्षा की विस्तृत समीक्षा और चर्चा के बाद, जम्मू और कश्मीर डिवीजनों में अस्थायी रूप से बंद किए गए कई पर्यटन स्थलों को



फिर से खोलने का आदेश दिया गया है। 22 अप्रैल को पहलगाम के बायसरन इलाके में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।
इस हमले के बाद प्रशासन ने घाटी और जम्मू क्षेत्र के करीब 50 पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया था।
अब जो 7 पर्यटन स्थल कश्मीर में फिर से खोले गए हैं, उनमें हैं
आडू वैली
राफ्टिंग पॉइंट यन्नर
अक्कड़ पार्क
पादशाही पार्क
कमान पोस्ट
इसके अलावा जम्मू संभाग में भी 5 पर्यटन स्थलों को खोला गया है, जिनमें हैं
डगन टॉप (रामबन)
धग्गर (कठुआ)
शिव गुफा (सालाल, रियासी)
इससे पहले जून महीने में प्रशासन ने 16 अन्य पर्यटन स्थलों को भी फिर से खोला था, जिनमें पहलगाम के कुछ हिस्से भी शामिल थे।

## पंजाब में भाजपा ने चलाई समानांतर विधानसभा, सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया



**चंडीगढ़**
पंजाब में बाढ़ के मुद्दे पर सोमवार को बुलाये गए विशेष विधानसभा सत्र में केंद्र सरकार के विरूद्ध प्रस्ताव पर बहस हुई। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने समानांतर विधानसभा लगाकर पंजाब सरकार पर बाढ़ राहत प्रबंधों में फेल रहने का प्रस्ताव पारित किया। भाजपा की मॉक विधानसभा को जनता की विधानसभा का नाम दिया गया है और चरणजीत सिंह अटवाल को स्पीकर बनाया गया है। इसमें शामिल भाजपा नेताओं का कहना है कि वह जनता के साथ हो रहे धोखे, ज्यादतियों, नुकसान, बाढ़ के कारण, कैग रिपोर्ट और पैसों के हिसाब-किताब पर तथ्यों के साथ लोगों से चर्चा कर रहे हैं। पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा भी यहां पहुंचे हैं। इसकी शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद बाढ़ में मारे लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट खड़े होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। समानांतर विधानसभा में पंजाब सरकार की निंदा का प्रस्ताव लाया गया। स्पीकर बने चरणजीत अटवाल ने कहा कि पंजाब में बाढ़ की वजह नहरों की समय पर रिपेयरिंग न होना है। यह आम आदमी पार्टी की जिम्मेदारी थी। सीनियर नेता तरुण चुग ने कहा कि सरकार ने बाढ़ रोकने के लिए क्या-क्या किया, इसका हिसाब देना चाहिए। इसकी सीबीआई जांच भी होनी चाहिए। अटवाल ने कहा कि पंजाब सरकार के पास पहले से 12 हजार करोड़ रुपये पड़े हुए हैं, लेकिन उन्होंने बाढ़ के दौरान उनका उपयोग नहीं किया। भाजपा नेता तरुण चुग ने कहा कि पंजाब सरकार को जनवरी से सितंबर तक का हिसाब देना चाहिए कि उन्होंने बाढ़ को रोकने के लिए क्या-क्या काम किया। अश्विनी शर्मा ने कहा कि जब विधानसभा की मान-मयार्दा तार-तार हो जाए, स्पीकर अपना फर्ज भूल जाएं, सत्ता पक्ष जनता की आवाज का मजाक बनाने लगे और सरकार जनता के जख्मों पर मरहम की जगह नमक छिडकने लगे तो आवाज उठाना जरूरी है। पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा नेता मनप्रीत बादल ने कहा कि चुटकुलों से पंजाब की तकदीर नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार डेढ़ लाख करोड़ रुपये की नई स्कीम लाई है।

## बेनीवाल की चेतावनी, खत्म हुआ धरना, प्रशासन ने मानी मांगे

**चित्तौड़गढ़**
जिले के कपासन में सूरज माली हमला प्रकरण में 13 दिन से दिया जा रहा धरना रविवार रात को समाप्त हो गया। यहां आरएलपी सुप्रीमो एवं सांसद हनुमान बेनीवाल की मौजूदगी में धरना देकर बैठे लोगों और प्रशासन में सहमति बनी। उसके बाद धरने को समाप्त करने का निर्णय किया गया। इस मामले में अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने धरने पर आकर मांगों के प्रति सहमति प्रदान की। जिल के कपासन में तालाब को भरने की मांग



को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल रहे सूरज माली पर जान लेवा हमला हुआ था। इस घटना के विरोध में 13 दिन से धरना दिया जा रहा था। वहीं एक दिन पहले हनुमान बेनीवाल ने प्रशासन को चित्तौड़गढ़ कूच की चेतावनी दी थी। लेकिन वे खुद ही धरनास्थल पर रात को पहुंचे। इसके बाद पुलिस एवं प्रशासन से हुई वार्ता में मांगों पर सहमति बनी। इस दौरान धरने को सांसद हनुमान बेनीवाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकत किसी के साथ नहीं होनी चाहिए। सभी समाज इस मामले में एक जुट होकर लड़े। तभी सूरज माली जैसे गरीब को न्याय मिला है। आगे भी अगर सभी साथ रहेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि सूरज माली के परिवार को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दे दी गई है।

## नीतीश ने माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना कर राज्य की समृद्धि की कामना की

**पटना**
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सोमवार को महासप्तमी पर्व के अवसर पर श्री श्री दुर्गा पूजा महोत्सव शिव मंदिर खाजपुरा तथा श्री श्री दुर्गा आश्रम शेखपुरा के पंडाल में जाकर मां दुर्गा के दर्शन किये और उनकी पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने माँ से राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समस्त बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के सरकारी आवास पर जाकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की एवं महाआरती कार्यक्रम में शामिल हुये। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, राज्यसभा सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, विधायक संजीव चौरसिया, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह मौजदू रहे।

## अधिकारी संवेदनशीलता से काम कर लोगों को दें राहत - मुख्यमंत्री भजनलाल

**जयपुर**
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन की प्रत्येक समस्या का समाधान करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को पूरा करने में जुटी हुई है तथा अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री द्वारा नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई भी इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई कर रहे थे। उन्होंने जनसुनवाई में आई महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को सबसे पहले सुना और अधिकारियों को उनकी परिवेदनाओं के



त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने जनसुनवाई में आए लोगों की कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। अपनी परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण से आमजन संतुष्ट नजर आए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण प्राथमिकता से करें तथा नियमित रूप से स्थानीय स्तर पर जनसुनवाई हो। शर्मा ने कहा कि जनसुनवाई में परिवादी अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से बड़ी उम्मीद रखते हैं। ऐसे में अधिकारी उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध निस्तारण करें तथा अधिकारी पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता से काम करते हुए लोगों को राहत दें। शर्मा ने इस दौरान कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

## पेपर लीक मामला; सीएम धामी ने की सीबीआई जांच की संस्तुति, छात्रों पर दर्ज मुकदमे होंगे वापस

**देहरादून**
उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले में युवाओं का धरना जारी है। वहीं, आज सीएम पुष्कर सिंह धामी आज युवाओं के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सीबीआई जांच की संस्तुति की। बता दें कि इससे पहले जिलाधिकारी सविन बंसल और एसएसपी अजय सिंह ने युवाओं से बात की थी। इसके बाद आला अधिकारी भी युवाओं से बात करने पहुंचे थे। लेकिन युवा सीबीआई जांच की मांग पर अड़े थे। आठवें दिन आखिरकार सीएम धामी मौके पर पहुंचे और परीक्षा मामले में चल रही हर कार्रवाई के बारे में युवाओं को बताया है। वहीं, सीएम ने युवाओं की मांग पर हामी भरी। मुख्यमंत्री ने धरना दे रहे युवाओं को सीबीआई जांच के लिए लिखकर संस्तुति दी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि परीक्षा देने वाले छात्रों पर जो भी मुकदमे हैं वो वापस लिए जाएंगे। इसके लिए उन्हें नाम की लिस्ट दे दी जाए।

**आठवें दिन धरना स्थगित**
सीएम धामी से सीबीआई जांच की संस्तुति के बाद युवाओं ने धरना स्थगित कर दिया। संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि धरना कुछ दिनों के लिए स्थगित किया गया है।

पल्ला से लेकर वजीराबाद तक के किनारों पर तो विशेष व्यवस्था की ही जाएगी, साथ ही आईटीओ, ओखला जैसे पुराने स्थलों पर भी व्यवस्थाएं और दुरुस्त की जाएंगी

# दिल्ली में यमुना के दोनों किनारों पर होगी छठ पूजा की व्यवस्था: रेखा


यमुना के किनारों पर छठ पूजा को लेकर विशेष प्रबंध किए जाएंगे ताकि जाएंगे





**नई दिल्ली**
दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छठ पर्व को यमुना नदी के दोनों किनारों पर आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यमुना के किनारों पर छठ पूजा को लेकर विशेष प्रबंध किए जाएंगे ताकि व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।
मुख्यमंत्री ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में छठ पर्व की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद, कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा, मुख्य सचिव धर्मेंद्र के अलावा संबंधित विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे। छठ पर्व की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बातचीत की, जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि नियमों के अनुसार यमुना नदी में विसर्जन की मनाही है और छठ पर्व के अनुष्ठानों में विसर्जन का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि राजधानी में पूर्वांचलवासियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, इसलिए उनकी धार्मिक आस्था एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में यमुना के प्रवेश स्थल पल्ला से लेकर अंतिम स्थल ओखला तक दोनों किनारों पर छठ पर्व का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों किनारों पर जहां भी छठ पर्व के लिए समतल किनारे उपलब्ध होंगे, वहां सरकार की ओर से व्रतधरियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं। पल्ला से लेकर वजीराबाद तक के किनारों पर तो विशेष व्यवस्था की ही जाएगी, साथ ही आईटीओ, ओखला जैसे पुराने स्थलों पर भी व्यवस्थाएं और दुरुस्त की जाएंगी। मुख्यमंत्री के अनुसार अधिकारियों को आदेश जारी किए गए हैं कि छठ पूजा के दौरान वहां सफाई व स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा, व्रतधारियों व उनके अपनों को धूल आदि की परेशानी से बचाने के लिए पानी का छिड़काव किया जाए, पुलिस व ट्रैफिक पुलिस को वहां सुरक्षा व यातायात व्यवस्था चौकस रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

## पूजा स्थलों पर चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी: रेखा गुप्ता



रेखा गुप्ता ने कहा कि आश्वयकता हुई तो पूजा स्थलों पर चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में यमुना के किनारों के अलावा मुनक नहर, मुंगेशपुर ड्रेन के अलावा कृत्रिम तालाबों में भी छठ पूजा आयोजित की जाती है। राजधानी में कुल मिलाकर 929 स्थलों पर पूजा-अर्चना की जाती है। इन स्थलों पर सरकार की ओर से समुचित व्यवस्थाएं की जाएंगी। अगर किसी संस्थान को एनओसी चाहिए तो उसे भी बिना किसी परेशानी के उसे दिया जाएगा। कुछ दिनों बाद वह यमुना नदी व अन्य स्थानों का दौरा करेंगी, ताकि तैयारियों की किसी प्रकार की कमी न रहने पाए। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे विशेष स्थान भी चिह्नित किए जाएंगे जहां छठ पूजा का विशेष आयोजिन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अगर यमुना में अतिरिक्त पानी की जरूरत होती तो हरियाणा सरकार से निवेदन किया जाएगा। छठ महापर्व पूर्वांचलवासियों की आस्था और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है और इसे पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाने के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह तैयार है।

## सीएम ने दिल्ली के 'लोगो' को फाइनल करने के लिए विशेष समिति का गठन किया



**नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार पहली बार दिल्ली राज्य (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) का अपना आधिकारिक लोगो तैयार कर रही है। यह लोगो दिल्ली की विशिष्ट पहचान, गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, विकास और जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक होगा। इसको लेकर लगातार कवायद जारी है। लोगो को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अब एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को बताया कि हमारी सरकार ने लोगो के डिजाइन व उसके चयन को लेकर विशेष प्रावधान किया था। इसके लिए माईजीओवीडॉटइन पोर्टल पर लोगो डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 26 सितंबर निर्धारित की गई थी। पोर्टल पर पूरे देश से कुल 1800 प्रविष्टियां/डिजाइन प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन करने और उनमें से चयन/शॉर्टलिस्टिंग के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित का गठन किया गया है, जो पोर्टल पर प्राप्त सभी लोगो डिजाइन प्रविष्टियों का मूल्यांकन कर उन्हें अंतिम रूप देगी। समिति में विभिन्न यूनिवर्सिटीज से जुड़े एक्सपर्ट को सदस्य बनाया गया है। दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव इसक सदस्य सचिव होंगे। यह लोगो दिल्ली की विशिष्ट पहचान को एक नए प्रतीक के रूप में स्थापित करेगा।

## मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत



**नई दिल्ली**
उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर रविवार देर रात सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे। दादा, बेटा और पोता। पुलिस का मानना है कि यह हिट एंड रन का मामला है। उत्तर पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि रविवार आधी रात करीब 12:05 बजे पीसीआर कॉल पर हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि आउटर रिंग रोड पर मोटरसाइकिल सवार तीन लोग मृत पड़े है। जांच में सामने आया कि किसी अज्ञात वाहन चालक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मृतकों की पहचान शाहिद (60), फैज (28) और हामजा (12) के रूप में हुई है।

# मेरठ में लेते थे आर्डर दिल्ली एनसीआर में करते थे डिलीवरी

संजय चतुर्वेदी नोएड़ा लाकर प्रमोद को डिलीवरी का पता और मादक पदार्थ देता था



**नई दिल्ली**
दक्षिण जिले के अम्बेडकर थाना पुलिस ने मेरठ में ऐप के जरिए मादक पदार्थ खरीदारी के आर्डर लेकर पोर्टर से दिल्ली एनसीआर में डिलीवरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने 27 सितंबर को दिल्ली, नोएडा और मेरठ में छापेमारी के बाद तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों प्रमोद कुमार, संजय चतुर्वेदी और अनित सोम के पास से 13 लाख रुपये से ज्यादा का 37.79 किलोग्राम गांजा, एक बाइक और एक कार बरामद की गई। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने सोमवार को बताया कि 27 सितंबर को इंस्पेक्टर हरिंदर सिंह, एएसआई पंकज राजोरा की एक टीम को सूचना मिली कि एक शख्स ड्रग्स और गांजे की पोर्टर के जरिए डिलीवरी करता है। आरोपित ने एक ऐप बनवाया है, जिसके जरिए वह आर्डर लेते हैं। पुलिस ने आरोपित की जानकारी जुटाई तो पता चला कि मदनगीर गांव में एक पार्सल आने वाला है। टीम ने लक्ष्मीनारायण मंदिर, शमशान घाट रोड, मदनगीर गांव के पास ट्रेप लगाकर एक संदिग्ध बाइक सवार को रोक कर तलाशी ली। बाइक सवार प्रमोद कुमार के पास से 1.761 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने प्रमोद की निशानदेही पर संजय चतुर्वेदी को नोएडा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 676 ग्राम गांजा बरामद किया। दोनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह मेरठ के रहने वाले अनित सोम से गांजा लेते हैं। पुलिस ने सलावा गांव, मेरठ, उप्र में छापेमारी कर अनित सोम को गिरफ्तार किया। उसके बाद से 35.34 किलोग्राम गांजा, एक कार बरामद की गई। पुलिस की जांच में सामने आया है मेरठ का रहने वाला अनित सोम इस गिरोह का मुख्य आरोपित है। वह अपने ऐप के जरिए आर्डर बुक करता था। जबकि प्रमोद तक ड्रग्स व गांजा पहुंचने का काम संजय चतुर्वेदी करता था। संजय चतुर्वेदी नोएड़ा लाकर प्रमोद को डिलीवरी का पता और मादक पदार्थ देता था। जिसके बाद प्रमोद बताए गए पते पर डिलीवरी करने का काम करता था।

## दिल्ली भाजपा का नया कार्यालय, निर्माण लागत 2.23 करोड़



**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवरात्र अष्टमी पर दिल्ली प्रदेश भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। कार्यालय पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग के पॉकेट-5 में है और इसका निर्माण 2.23 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। दिल्ली भाजपा का नया पांच मंजिला भवन 825 वर्ग मीटर के प्लॉट पर बना है। दफ्तर में दो स्तर की बेसमेंट पार्किंग की सुविधा है। भूतल पर स्वागत कक्ष, कैंटीन और कॉन्फ्रेंस रूम बनाए गए हैं। पहली मंजिल पर 300 लोगों की क्षमता वाला सभागार है, जबकि अन्य मंजिलों पर बैठक कक्ष और कार्यालय हैं। भवन की दूसरी और तीसरी मंजिल पर प्रदेश महासचिवों, सचिवों और उपाध्यक्षों के कार्यालय होंगे। सबसे ऊपरी मंजिल पर दिल्ली भाजपा प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महासचिव के कार्यालय होंगे।

## राष्ट्रपति से मिले आईएसएस, केन्द्रीय अभियान्त्रिकी सेवा के प्रोबेशनर अधिकारी



**नई दिल्ली**
भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस), भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीएस) और केन्द्रीय अभियान्त्रिकी सेवा (सीईएस) के प्रोबेशनर अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में भेंट की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अधिकारियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी और कहा कि ईमानदारी और समर्पण से सेवा करके वे भारत को अधिक समृद्ध, सक्षम और समावेशी बना सकते हैं। भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ठोस नीति निर्माण और क्रियान्वयन का आधार सटीक सांख्यिकीय विश्लेषण है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों की विश्वसनीयता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण किसी भी निर्णय को प्रभावी बनाते हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे देश की बढ़ती डेटा आवश्यकताओं को विशेषज्ञता और पारदर्शिता से पूरा करेंगे। भारतीय कौशल विकास सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कौशल और ज्ञान किसी भी देश की वास्तविक संपत्ति हैं। वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में वही देश आगे बढ़ते हैं जिनके पास उच्च प्रशिक्षित कार्यबल होता है। भारत के लिए यह आवश्यक है कि युवा उन्नत तकनीकी कौशलों को अपनाएं। उन्होंने भरोसा जताया कि आईएसडीएस अधिकारी देश के लिए एक मजबूत और भविष्य-उन्मुख कार्यबल तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। केन्द्रीय अभियान्त्रिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इंजीनियर तकनीकी प्रगति और आर्थिक विकास के आधार स्तंभ हैं।
सरकार की बुनियादी ढांचा विकास योजनाओं में अभियान्त्रिकी सेवाओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने आग्रह किया कि विकास परियोजनाओं में टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल उपायों को अपनाया जाए। उन्होंने यह जानकर संतोष व्यक्त किया कि सीपीडब्ल्यूडी हरित तकनीकों को बढ़ावा दे रहा है। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल नीतियों को लागू करने तक सीमित न रहें, बल्कि अपने अनुभव और फीडबैक से नीति-निर्माण में भी सहयोग करें। समाज के कमजोर और हाशिए पर खड़े वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही वास्तविक प्रगति का संकेत है। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारी यदि सेवा-भाव, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे तो भारत दुनिया के सामने एक आदर्श राष्ट्र के रूप में उभरेगा।

## जीएसटीए चुनाव सदस्यता अभी भी संभव: अजय वीर यादव

**नई दिल्ली।** गवर्नमेंट स्कूल टीचर्स एसोसिएशन (जीएसटीए) के चुनाव की अधिसूचना पूर्व में जारी हो चुकी है। अधिसूचना के अनुसार 17 सितंबर से 24 सितंबर तक सदस्यता शुल्क जमा कर सदस्यता लेने की प्रक्रिया पूरी की जानी थी। हालांकि, कई स्थानों पर प्रधानाचार्यों की सूचना देने में लापरवाही तथा बैंक में राशि जमा करने में तकनीकी कठिनाइयों के कारण कुछ शिक्षक सदस्यता लेने से वंचित रह गए।

## मान सरकार की लापरवाही ने बाढ़ को मानव निर्मित त्रासदी में बदल दिया: तरूण चुग



**नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंजाब की आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि अवैध खनन, धुस्सी बांधों के टूटने और सरकार की लापरवाही ने राज्य की बाढ़ को ‍ह्लमानव निर्मित त्रासदीह्व में बदल दिया। पंजाब को दशकों तक सतलुज, ब्यास, रावी और घग्गर नदियों के किनारे बने लगभग 900 किलोमीटर लंबे धुस्सी बांधों ने बाढ़ से बचाया। अटल बिहारी वाजपेयी और सरदार प्रकाश सिंह बादल के समय केंद्र की मदद से इन्हें मजबूत किया गया था, लेकिन मौजूदा आआपा सरकार ने खनन माफिया के दबाव में इन्हें खोखला होने दिया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने सोमवार को एक बयान में कहा कि 2022 से 2025 तक आआपा सरकार ने खनन से 20,000 करोड़ की आय का दावा किया, लेकिन खजाने में पहुंचे मात्र 288 करोड़। उन्होंने पूछा कि बाकी 19,622 करोड़ कहां गए? आईएमडी रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस बार बारिश सिर्फ 24 प्रतिशत ज्यादा हुई थी। इसके बावजूद 2100 गांव क्यों डूबे?

## डूसू के पूर्व छात्र अध्यक्ष से मांगी पांच करोड़ की रंगदारी




**नई दिल्ली**
दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र अध्यक्ष रौनक खत्री से गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम पर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रुपये न देने पर रौनक को जान से मार देने की धमकी भी दी गई है। एक विदेशी नंबर से रौनक को मैजेस आने शुरू हुए। रिप्लाई न देने पर ऑडियो कॉल भी आई। जब रौनक ने फोन नहीं उठाया तो सामने से और ज्यादा धमकियां मिलने लगीं। इन मैसेज की फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। पुलिस फिलहाल जांच में जुट गई है। पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वाकई ये गोदारा गैंग की हरकत है या फिर कुछ और ही माजरा है। इस मामले में पीड़ित रौनक खत्री ने बाहरी उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त को सोमवार को लिखित में शिकायत दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मैसेज में लिखा था- रौनक खत्री, बहुत हो गई नेतागिरी, पांच करोड़ देने की तैयारी कर ले, या फिर मरने के लिए तैयार हो जा। जब रिप्लाई नहीं दिया गया तो मैसेज में लिखा, कब तक फोन नहीं उठाएगा। अब देखना गोली कैसे आएगी। पांच करोड़ से कम का समझौता नहीं हो सकता। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की स्टूडेंट यूनिट नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई ) के सदस्य रौनक साल 2024-2025 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू ) के अध्यक्ष रहे।

## गांवों में 40हजार लीटर पानी फ्री करे सरकार: थान सिंह यादव



"पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि पिछले कई दशकों से दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पानी के बिलों पर 5% ब्याज दर के साथ चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर वसूली की जाती रही है"

**नई दिल्ली**
दिल्ली पंचायत संघ ने पानी के बिलों को लेकर दिल्ली के जलमंत्री द्वारा की गई आंशिक छूट की घोषणा पर संतोष व्यक्त किया है, लेकिन साथ ही सरकार से यह मांग की है कि पानी के पिछले बकाया बिलों को पूरी तरह माफ किया जाए। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि पहले कहा गया था कि सभी पुराने बकाया बिल पूरी तरह से माफ होंगे, इसलिए अधूरी घोषणा को पूरा करते हुए बकाया राशि की संपूर्ण माफी दी जानी चाहिए। जैसा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में भी पानी के बकाया बिल माफ किए गए थे। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि पिछले कई दशकों से दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पानी के बिलों पर 5% ब्याज दर के साथ चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर वसूली की जाती रही है। यह दिल्लीवासियों और देहात गांव-ग्रामीणों के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि इसके लिए पिछली सरकारें जनता से माफी मांगें।
**पंचायत संघ की प्रमुख मांगें:**
पानी के पिछले सभी बकाया बिल पूरी तरह माफ किए जाएं। गांवों के लिए फ्री पानी की सीमा 20 हजार लीटर से बढ़ाकर 40 हजार लीटर की जाए, क्योंकि गांवों में पशुधन भी होता है और पानी की खपत अधिक रहती है। अवैध पानी कनेक्शनों को मुख्य धारा में जोड़ा जाए। इसके लिए फ्री कैंप लगाकर उन्हें बिना 1000 रुपए शुल्क के नियमित किया जाए। घरेलू उपभोग के लिए पानी स्वच्छ, पर्याप्त और सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जाए।

## अवैध रूप से भारत में रह रहे दो बांग्लादेशी गिरफ्तार



**नई दिल्ली**
**दक्षिण-पश्चिम** जिला पुलिस की ऑपरेशन सेल ने भारत में दो अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित मोहम्मद अब्दुल अजीज मियां और मोहम्मद रफीकुल पिछले दो साल से बिना वैध वीजा दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। पुलिस ने फिलहाल सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) की मदद से उन्हें बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने सोमवार को बताया कि स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर विजय बालियान की टीम को सूचना मिली कि महिपालपुर एक अवैध बांग्लादेशी नागरिक रूका हुआ है। वह नाम बदलकर नौकरी करता है। पुलिस ने सूचना को पुख्ता किया और छापेमारी की। जहां पुलिस को दो संदिग्ध मिले। पुलिस टीम ने दोनों से पूछताछ की और वैध वीजा और यात्रा दस्तावेजों की मांग की। दोनों कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सकें और पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेशी हैं और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रहे हैं। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एफआरआरओ को सौंप दिया।

## संपादक की कलम से

### अल्जाइमर: स्मृति ह्रास की वैश्विक चुनौती

मस्तिष्क और स्मृति की उपेक्षा से बढ़ रहा स्मृति लोप का रोग दुनिया की एक बड़ी गंभीर समस्या हैं। याददाश्त हर उम्र के व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी पूंजी है। तेज-तर्रार और तनावग्रस्त जीवन ने शरीर और आत्मा दोनों को उपेक्षित कर दिया है। अल्जाइमर की चुनौती हमें याद दिलाती है कि स्वस्थ मस्तिष्क ही स्वस्थ जीवन और स्वस्थ समाज का आधार है। मनुष्य अपनी स्मृति से ही मनुष्य है; जब यादें खोने लगती हैं तो पहचान भी धुंधला जाती है। स्मृति का ह्रास केवल व्यक्ति की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी अस्तित्वगत पहचान के मिट जाने की त्रासदी है। इस बढ़ते रोग की भयानकता के कारण ही 21 सितम्बर को पूरी दुनिया विश्व अल्जाइमर दिवस मनाती है। यह केवल एक स्वास्थ्य-समस्या की याद नहीं दिलाता, बल्कि यह चेतावनी भी है कि आधुनिक जीवनशैली, मानसिक दबाव और बदलते सामाजिक ढाँचे ने हमारे मस्तिष्क को असमय थका दिया है।

आज दुनिया में पाँच करोड़ से अधिक लोग डिमेंशिया से पीड़ित हैं और इनमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी अल्जाइमर रोगियों की है। अल्जाइमर दिमाग की एक बीमारी है जिसमें इंसान धीरे-धीरे बातों को भूलने लगता है। शुरूआत में छोटी-छोटी बातें भूलती हैं जैसे किसी का नाम, चीज कहां रखी थी या हाल की घटना। लेकिन समय के साथ यह भूलना इतना बढ़ जाता है कि व्यक्ति को अपने परिवार के लोग, जगह या रोज के काम भी याद नहीं रहते। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि 2050 तक यह संख्या तीन गुना तक पहुँच सकती है। हर तीन सेकंड में दुनिया के किसी न किसी कोने में एक नया डिमेंशिया रोगी जुड़ जाता है। दुनिया में, 2025 तक 55 मिलियन (5.5 करोड़) से अधिक लोग मनोभ्रंश (डिमेंशिया) से पीड़ित हैं, और 2050 तक यह संख्या बढ़कर 139 मिलियन (13.9 करोड़) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें अल्जाइमर रोग इसका सबसे आम रूप है। भारत में, 2023 के एक अध्ययन के अनुसार 9 मिलियन (90 लाख) से अधिक बुजुर्ग मनोभ्रंश से जूझ रहे हैं, और यह संख्या 2036 तक बढ़कर लगभग 17 मिलियन (1.7 करोड़) हो जाने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार, यह समस्या महिलाओं को अधिक होती है। एम्स और निम्हैंस जैसी संस्थाएं इसकी शुरूआती पहचान और रिसर्च पर काम कर रही है। बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं में इस रोग का बढ़ना ज्यादा चिन्ताजनक है।

अल्जाइमर के बढ़ने के कारणों में मुख्य रूप से बढ़ती उम्र, आनुवंशिकी (कुछ जीन) और मस्तिष्क में असामान्य प्रोटीन जमाव शामिल हैं। इसके अलावा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और धूम्रपान जैसे जीवनशैली संबंधी कारक, और हृदय संबंधी समस्याएँ भी अल्जाइमर के जोखिम को बढ़ा सकती हैं। शोध बताते हैं कि लगातार मोबाइल इस्तेमाल करने वालों में 35 प्रतिशत तक याददाश्त और एकाग्रता कम हो सकती है। लंदन यूनिवर्सिटी ने पाया कि मोबाइल पास होने मात्र से 10 प्रतिशत तक स्मृति घट जाती है। आईएएमएआई की रिपोर्ट बताती है कि भारत में 60 करोड़ स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने वाले हर रोज औसतन 4.9 घंटे मोबाइल पर रहते हैं। एम्स के मुताबिक, युवाओं में डिजिटल डिमेंशिया जैसे लक्षण बढ़ रहे हैं।

इस रोग की सबसे भयावह सच्चाई यह है कि यह केवल रोगी को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करता है। स्मृति का खो जाना, निर्णय लेने की क्षमता का क्षीण हो जाना, बार-बार वही प्रश्न पूछना, भाषा और व्यवहार में असामान्यता आना और अंततः अपनी पहचान तक खो बैठना-यह सब न केवल रोगी बल्कि उसके आसपास के लोगों के लिए भी असहनीय स्थिति बन जाती है।

अल्जाइमर का सीधा संबंध मस्तिष्क की कोशिकाओं से है। यह एक प्रगतिशील रोग है जिसमें मस्तिष्क की कोशिकाएँ धीरे-धीरे नष्ट होने लगती हैं। उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा अधिक हो जाता है, लेकिन केवल यही कारण नहीं है। असंतुलित जीवनशैली, तनाव, नींद की कमी, मानसिक निष्क्रियता, नशे की आदतें और अस्वास्थ्यकर आहार भी इसके बड़े कारण हैं।

धीरे-धीरे मनुष्य की सोचने-समझने की शक्ति कम होने लगती है और

## जीवन की रक्षा के लिए भी विकास के समांतर धरती को बचाने का संकल्प लेना होगा

**विजय गर्ग**

सभ्यता की शुरूआत से ही प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत गहरा संबंध रहा है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, लेकिन आज ऐसा लगता है कि इंसान को प्रकृति की उतनी रह गई है। इसमें दोराय नहीं कि पर्यावरण परवाह नहीं रह सिमटता नजर आ पर संतुलन को बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन विकास इंसानी सभ्यता का एक जरूरी पहलू है। पहले जहां जंगल थे, चारों तरफ हरियाली थी, वहां अब सब कुछ है। बढ़ती आबादी के समांतर विकास एक अपरिहार्य स्थिति है। मगर इस क्रम में अनेक जगहों पेड़ों की अनियंत्रित कटाई के साथ ही जंगलों की स्थिति ऐसी कर दी गई है, आज । पारिस्थितिकी के सामने एक बड़ा संकट खड़ा हो रहा में पिछले कुछ वर्षों से जंगल लगातार कम होते जा रहे हैं। ऐसे दौर में, जब पर्यावरण विशेषज्ञ दुनियाभर में घटते जंगलों पर चिंता जता रहे हों, पर चिंता जता रहे हों, भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआइ) की रपट ने थोड़ी राहत दी है। जिसमे भारत इसके मुताबिक, वर्ष 2021 से 2023 तक भारत का कुल वन और वृक्ष आवरण क्षेत्र 1,445 वर्ग किलोमीटर बढ़ा है। देश को हरा-भरा रखने में मध्य प्रदेश सबसे आगे है। अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और ओड़ीशा में भी दो साल पहले के मुकाबले हरियाली बढ़ी है। इससे संकेत मिलते हैं कि देश में कई वर्षों से जारी सामाजिक वन उत्सव और वृक्षारोपण ह्लऔर वक्षारोपण जैसी योजनाओं का असर दिखने लगा है। है। हालांकि रपट में ये तथ्य चिंताजनक है कि उत्तराखंड और पूर्वोत्तर के राज्यों में वन एवं वृक्ष आवरण क्षेत्र घटा है।

पहली नजर में यह तथ्य राहत दे सकता है कि देश में में पिछले दो वर्षों में वन और वृक्ष क्षेत्र का दायरा देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र के एक चौथाई से ज्यादा (25.17 फीसद) हो गया है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर यह दायरा की दृष्टि से लक्ष्य फिलहाल काफी बढ़ने के बावजूद पारिस्थितिकी सनक पारिस्थितिकीय स्थिरता कायम है। राष्ट्रीय वन नीति- 1988 के रखने के लिए देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का कम से कम एक तिहाई हिस्सा वन क्षेत्र होना चाहिए। एफएसआइ ने सर्वेक्षण रपट की रपट की शुरूआत वर्ष 1987 में की थी। तब से अब तक दो फीसद ही बढ़ी हिस्सेदारी करीब है। जाहिर है, दुनिया के दूसरे देशों की की तरह जनसंख्या ॥ वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण भारत में भी जंगल प्राकृतिक तौर पर फल- फल नहीं पा रहे हैं। विकास परियोजनाओं की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता, , लेकिन खनन लिए जंगलों की कटाई बड़ी कटाई बड़ी समस्या है, पर सुप्रीम कोर्ट ने ने भी समय-समय पर चिंता जताई है। गौरतलब है कि हरियाली क्षेत्र में जो बढ़ोतरी दर्ज की गई है, उसका अधिकतर हिस्सा प्राकृतिक वन क्षेत्र से बाहर है, जो वृक्षारोपण और कृषि आधारित वानिकी का नतीजा है। निश्चित रूप से इन प्रयासों का अपना महत्त्व है, लेकिन प्राका प्राकृतिक वन क्षेत्र के भरे-पूरे पेड़ों की तुलना शहरों में पौधरोपण अभियान से तब तक नहीं हो सकती, जब तक कि लगाए गए पौधे पूरी तरह विकसित नहीं हो जाते। ऐसे में वन संशोधन अधिनियम (2023) को लेकर चल रही बहस की अहमियत भी बढ़ जाती है। इस संशोधन में गैर वगीर्कृत जंगल का संरक्षण हटाने की बात है।

# रामराज्य कपोल कल्पना नहीं, आदर्श शासन प्रणाली

**नरेंद्र तिवारी**

रामराज्य का विचार कोरी कल्पना नहीं जमीनी हकीकत है, इसे कार्य रूप में परिणीति किया जा सकता है। इस विचार को व्यवहारिक रूप से स्थापित किया जा सकता है। रामराज्य एक आदर्श शासन व्यवस्था है। जिसका लक्ष्य आदर्श राष्ट्र राज्य का निर्माण करना है। एक आदर्श राज्य जिसमें चारो और खुशहाली का माहौल हो, जनता का अपने राज्य और शासक के प्रति गहरी आस्था और विश्वास हो। राम राज्य शासन व्यवस्था के कुछ आवश्यक तत्व भी है जिसमे न्याय, निष्पक्षता, अहिंसा, सामुदायिक सदभावना, धर्मशील कर्तव्य परायण राजा, चरित्रवान जनता शामिल है। जब जनता सुखी होंगी, राजा से लेकर रंक तक अपनी कर्तव्य पालना ईमानदारी से करेंगे। इस राज्य में चरित्रवान शासक और सद चरित्र नागरिकों का होना आवश्यक है। रामराज्य अपराध मुक्त समाज की स्थापना पर बल देता है। यह भारत में ही नहीं अपितु विश्व में किसी भी राष्ट्र में संभव है। भारत में यह अयोध्या के राजा श्री राम के कालखंड में किये शासन की अवधारणा से जुड़ा है। श्री राम त्रेता युग के अंत में अयोध्या के राजा थै। उन्हें सूर्यवंशी क्षत्रिय माना जाता है। रामायण के काल को त्रेता युग का ही समय बताया जाता है। अयोध्या प्राचीन कोसल साम्राज्य की राजधानी थी, और श्रीराम इस साम्राज्य के राजा थै।

रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास रामराज्य का वर्णन करते हुए लिखते है-

ह्लदैहिक दैविक भौतिक तापा।
रामराज नहिं काहुहि ब्यापा।।
सबु नर करहि परस्पर प्रीती
चलहीं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।

इस चौपाई के अनुसार रामराज्य में किसी को शारारिक, प्राकृतिक या सांसारिक पीड़ा नहीं थी, सभी



मनुष्य परस्पर प्रेम करते थै, और अपने-अपने धर्म व शास्त्रों के बताए मार्ग पर चलते थै। यह चौपाई रामराज्य के दौरान आदर्श समाज की सामाजिक स्थिति का वर्णन करती है, जहाँ सभी लोग सुखपूर्वक, शांतिपूर्वक धर्मनिष्ठ जीवन व्यतीत करते थै।

अब जबकि हम वर्ष 2025 का सांस्कृतिक पर्व दशहरा मनाने जा रहे है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय, अन्याय पर न्याय की जीत के रूप शताब्दीयों से बनाते आ रहे है। इस दिन राक्षक राज रावण का मयार्दा पुरषोत्तम श्रीराम ने वध किया था। यह पर्व भारत की आत्मा में निवासरत भगवान श्रीराम के वनवासी जीवन के दौरान घटित संस्मरण की याद दिलाता है। श्री राम को याद करने पर रामराज्य के सिद्धांतो पर भी अमल किया जाना चाहिए। दुनियाँ के देशो में जब शासको के प्रति विद्रोह की सनक सवार है, तब रामराज्य की अवधारणा पर न सिर्फ विचार किया जाना चाहिए साथ ही इस शासन प्रणाली की विशेषताओं को अपनाने के प्रयास भी करना चाहिए।

वाल्मीकि रामायण में रामराज्य का उल्लेख एक आदर्श राज्य या साम्राज्य के संदर्भ में है। जिसकी विशेषताओं में उत्तम शासन, न्याय, समृद्धि, और नैतिक धार्मिकता है। राम के वनवास से लौटने के बाद उनके शासन में देखा गया। इसे आदर्श समाज के रूप में माना गया जहाँ धर्म का महत्व और जन कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। रामराज्य धर्म आधारित शासन प्रणाली जिसमे सभी कार्य नैतिक दृष्टि से किये जाने पर बल दिया जाता है, रामराज्य का प्राथमिक लक्ष्य नागरिक समाज का कल्याण था, राज्य के सभी नागरिकों को भोजन, आश्रय और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का प्रमुखता से ख्याल रखा जाता था। रामराज्य आंतरिक कलह और बाहरी खतरों से मुक्त था। राज्य पूर्णरूप से सुरक्षित और प्रजा निर्भय होकर रहती है। राज्य की कार्यप्रणाली में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता थी। सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत व्यवहार में सत्य निष्ठा और ईमानदारी को महत्व दिया जाता था। नागरिको के मध्य सामाजिक सदभाव व्याप्त था। राज्य द्वारा जातिगत या आर्थिक आधार पार किसी नागरिक से भेदभाव नहीं किया जाता था। न्याय की पहुंच रामराज्य में प्रत्येक नागरिक तक थी न्याय सुलभ निष्पक्ष और समान होता था।

आधुनिक शासन प्रणालियों में लोकतंत्र सबसे सफल और अपनाई जाने वाली प्रणाली है। दुनियाँ के देशों ने प्रजातंत्र को शासन प्रणाली के रूप में अपनाया है।

# आई लव मोहम्मद की हकीकत और साजिशों का सच

**अजय कुमार**

इस्लाम धर्म में बुतपरस्ती यानी मूर्तिपूजा को कड़ाई से हराम घोषित किया गया है। पैगम्बर साहब की किसी तस्वीर, चित्र या मूर्ति बनाने पर हमेशा से पाबंदी रही है, क्योंकि इस्लाम का मूल संदेश एक ईश्वर की इबादत पर आधारित है, न कि किसी प्रतिमा या चित्र की पूजा पर। लेकिन इन दिनों उत्तर प्रदेश में नए तरह का चलन देखने को मिल रहा है, जिसमें जगह-जगह आई लव मोहम्मद लिखे बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे हैं।मोहम्मद साहब के नाम पर समाज का माहौल खराब करने सहित दंगा फैलाया जा रहा है। सवाल यह है कि जब पैगम्बर की तस्वीर तक बनाना मना है, तब क्या इस तरह के भावनात्मक नारे लगाकर धार्मिक और राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिशें जायज मानी जा सकती हैं? पैगम्बर मोहम्मद साहब ने अपने जीवनकाल में तौहीद का संदेश दिया था। उन्होंने हर तरह की बुतपरस्ती और चित्र या मूर्ति पूजा का खंडन किया। लेकिन आई लव मोहम्मद जैसी कार्यवाहियाँ इस्लाम की उसी मूल भावना से टकराती नजर आती हैं। यहाँ सवाल यह नहीं कि मोहम्मद साहब के प्रति प्रेम या आदर किया जा रहा है, बल्कि यह है कि उस प्रेम को किस रूप में प्रदर्शित किया जा रहा है। इस्लाम में अपने पैगम्बर से मोहब्बत दिखाने का तरीका उनके बताए मार्ग पर चलना और अमल करना है, न कि नारेबाजी और पोस्टरों से हंगामा खड़ा करना। कानपुर से आई लव मोहम्मद के पोस्टर से जो चिंगारी निकली थी बरेली में उसने उग्र रूप धारण कर लिया। उपद्रवियों ने जम कर हिंसा और लूटपाट की। इस अराजकता के लिये विवादित मुस्लिम मौलाना तौकीर रजा सीधे तौर पर उतरदायी है।बरेली में तौकीर रजा सहित दंगा फैलाने वालों पर कार्रवाई के बाद इस समय वहां तनावपूर्ण शांति है। बीते कुछ महीनों से उत्तर प्रदेश के कई शहरों में आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर, दीवारों पर बने बड़े-



बड़े बैनर और झंडे देखने को मिल रहे हैं। इन बैनरों को लगाने का नाम भले ही धार्मिक प्रेम दिखाना बताया जा रहा हो, लेकिन जानकारों का मानना है कि इसके पीछे गहरी राजनीतिक नीयत छिपी हुई है। यह सिर्फ साधारण नारा नहीं है, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है जिसमें धार्मिक भावनाओं को भड़काकर समाज में तनाव पैदा किया जा रहा है। इन बैनरों का उद्देश्य केवल अपने समुदाय में धार्मिक जोश जगाना नहीं, बल्कि दूसरे धर्मों के लोगों को उकसाना भी है। सार्वजनिक जगहों पर लगाए जाने वाले ये पोस्टर जब किसी अन्य संप्रदाय के इलाके में लगाए जाते हैं, तो स्वाभाविक रूप से टकराव की स्थिति बनती है। उत्तर प्रदेश के कई कस्बों और शहरों में यही देखने को मिला। मोहल्लों में एक वर्ग जब आई लव मोहम्मद के झंडे या बैनर लेकर निकलता है, तो दूसरा वर्ग इसे उकसावे की कार्रवाई मानता है। धीरे-धीरे माहौल गरमाने लगता है और छोटे-छोटे विवाद बड़े दंगों में बदल जाते हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था लंबे समय से धार्मिक तनावों को लेकर चुनौती झेल रही है। प्रशासन अक्सर नारे लगाने और पोस्टर चिपकाने वालों के खिलाफ सख्ती नहीं दिखाता, क्योंकि इसे धार्मिक भावनाओं से जुड़ा मामला बना दिया जाता है। लेकिन सवाल ये उठता है कि जब इस्लामी शिक्षाओं में चित्र और मूर्ति जैसी चीजों का कोई स्थान नहीं है, तो फिर इन पोस्टरों को धार्मिक स्वतंत्रता कैसे माना जा सकता है? यह स्पष्ट है कि प्रशासन की शिथिलता के कारण ही ये साजिशें परवान चढ़ रही हैं। धार्मिक नारों और बैनरों का दूसरा बड़ा पहलू राजनीति से जुड़ा हुआ है। हर चुनावी मौसम में समुदाय विशेष की भावनाओं को भड़काकर वोट पाना एक आम चलन बन चुका है। आई लव मोहम्मद आंदोलन भी यही खेल लगता है। आम लोगों की आस्था को हथियार बनाकर न केवल वातावरण दूषित किया जा रहा है, बल्कि दंगे-फसादों का डर दिखाकर राजनैतिक गोलबंदी भी की जा रही है। इन घटनाओं के कारण समाज के आम नागरिक लगातार दहशत में जी रहे हैं। जिन इलाकों में पोस्टर लगाए जाते हैं, वहां तनाव फैल जाता है। दुकानें जल्दी बंद हो जाती हैं, दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है और छोटे-छोटे बच्चों तक के मन में डर बैठ जाता है। बड़ों के दिमाग में यह सवाल गूंजता है कि यह प्यार दिखाने का तरीका है या दंगे भड़काने की चाल?

वहीं कई मुस्लिम विद्वानों ने खुलकर कहा है कि इस तरह के नारे और बैनर इस्लामी शिक्षा के खिलाफ हैं। पैगम्बर मोहम्मद साहब से असली प्रेम उनका आदर्श जीवन अपनाने में है, न कि झंडे और पोस्टर लहराने में।

लेकिन यही धार्मिक संदेश जब तक आम जनता तक सही रूप में नहीं पहुंचेगा, तब तक ये साजिशें जारी रहेंगी। भारत का इतिहास धार्मिक उन्माद और दंगों से भरा पड़ा है। छोटी-सी चिंगारी बड़े विस्फोट में बदल जाती है। अंग्रेजों के जमाने से लेकर आज तक, फूट डालो और राज करो की नीति बार-बार दोहराई जाती रही है। फर्क बस इतना है कि अब राजनीति करने वाले आधुनिक तरीकों से यही काम कर रहे हैं। पोस्टर, बैनर और नारे इसी आधुनिक हथियार का हिस्सा हैं।

बहरहाल,कुल मिलाकर इस्लामी विद्वानों को आम जनता को समझाना होगा कि मोहम्मद साहब के नाम का उपयोग राजनीतिक मंसूबों के लिए करना पाप है। असली अनुसरण उनके जीवन मूल्यों को अपनाने में है।किसी भी समुदाय की आस्था की आड़ लेकर शहर की शांति बिगाड़ने वालों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। धार्मिक नारेबाजी के नाम पर पोस्टर या बैनर लगाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। समाज के सभी वर्गों को मिलकर यह समझना होगा कि ऐसे नारों के पीछे कौन-सी अंतरात्मा काम कर रही है। जब जनता खुद इन खेलों का शिकार नहीं बनेगी, तभी शांति कायम हो पाएगी। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारीह्लराजनीति का आधार धार्मिक भावनाएँ नहीं, बल्कि विकास और न्याय होना चाहिए। इसके लिए जनता को कठोर सवाल करना आवश्यक है।

आई लव मोहम्मद जैसे नारों और पोस्टरों को देखने पर तत्कालीन भावनाएँ भले ही धार्मिक प्रेम की प्रतीक लगें, लेकिन असलियत में इनका इस्तेमाल समाज में नफरत फैलाने और दंगे भड़काने की साजिश के रूप में किया जा रहा है। जब इस्लाम खुद पैगम्बर साहब की तस्वीर तक हराम मानता है, तो ऐसे पोस्टर और नारे धर्म की सेवा नहीं बल्कि धर्म के नाम पर राजनीति करने का साधन हैं। शांति, भाईचारा और आपसी सम्मान ही असली संदेश है, जो इस्लाम समेत हर धर्म की आत्मा है। अगर उत्तर प्रदेश और देश को इन गहरी साजिशों से बचाना है, तो समाज को सत्य पहचानना होगा और उस पर एकजुट होकर खड़ा होना होगा।

## बिहार के किसी भी गठबंधन में सब ठीक नहीं



**सुशील दीक्षित विचित्र**

बिहार में महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को कितना आकर्षित करेगी इस पर कुछ कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी, लेकिन महागठबंधन में सीटों को लेकर जो मतभेद सतह पर आ गए हैं, उनसे यही ध्वनित हो रहा है कि अंदर खाने सब ठीक नहीं है। सब ठीक तो दूसरे गठबंधन राजग में भी नहीं है। सीट बंटवारे को लेकर वहां भी तनातनी है। यह दूसरी बात है कि अभी तलवारें म्यान में ही हैं, जबकि महागठबंधन में तलवारें तन भी चुकी हैं। अभी धमकियों का दौर चल रहा है। आगे यह देखना दिलचस्प होगा धमकियों से कौन सा पक्ष झुकता है या कौन अपनी धमकियों पर खरा उतर कर दिखाता है।

कांग्रेस और आरजेडी के बीच सीटों को लेकर तल्खी इतनी बढ़ गयी है कि मुजफ्फर नगर की रैली में तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। शुरूआत कांग्रेस की ओर से तब हुयी जब उसने छिहत्तर सीटों पर दावा कर दिया। पिछले 2020 के चुनाव में कांग्रेस सत्तर सीटों पर लड़ी थी, लेकिन केवल उन्नीस सीटों पर ही जीत पायी। इस पुअर पर्फार्मेंस का कारण तेजस्वी यादव ने सत्ता से दूर रह जाने के लिए कांग्रेस के खराब स्ट्राइक रेट को दोषी ठहराया था। इस चुनाव में महागठबंधन की 110 सीटों पर जीत मिली थी। यदि कांग्रेस अपने हिस्से की आधी सीटों पर ही जीत हासिल कर लेती तो महागठंधन सत्ता में आ जाता।

इसी को ध्यान में रखते हुए राजद कांग्रेस के दबाव में आता नहीं दिख रहा। वहीं कांग्रेस बिहार में राजद का पिछलग्गू होने के ठप्पे को मिटाना चाहती है। पार्टी को लगता है कि वोटर अधिकार यात्रा से उसकी स्थिति मजबूत हुयी है। लोकप्रियता बढ़ी है इसलिए वह आरजेडी के बराबर खड़ा होना चाहती हैं। इसलिए और भी केवल सीटें ही बढ़ाकर नहीं मांग रही है, बल्कि उप मुख्यमंत्री पद के लिए अभी से दावा ठोंक रही है। अपने इन दावों को लेकर कांग्रेस जल्दबाजी में भी दिख रही है। उसने एक तरह से तेजस्वी यादव को अल्टीमेटम भी दे दिए है कि वह लंबा इंतजार नहीं करने वाली। इन सीटों पर वह रणनीति बनाने भी लगी है।

कांग्रेस की मांग से महागठबंधन के सहयोगी दल भी सहमत नहीं हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कांग्रेस को नसीहत दी कि वह अपनी स्थति से अधिक सीटें न मांगे। भले ही कम सीटों पर लड़े, लेकिन अधिक से अधिक स्ट्राइक रेट रखे। तेजस्वी यादव ने भी साफ कर दिया कि अगर बात नहीं बनती है तो उनकी पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी। अपनी स्थिति को 2020 के चुनाव से बेहतर समझने वाली कांग्रेस इसे अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाए हुए है। पंद्रह सितंबर को होने वाली बैठक ऐसी तल्खियों के कारण रद्द की जा चुकी है।

# क्या पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच संबंध आपसी जरूरतों पर आधारित हैं ?

**अशोक भाटिया**

सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता क्या वर्ल्ड ऑर्डर में एक बड़े बदलाव का संकेत है? सवाल यह इस कारण है कि क्या पश्चिम एशिया में खासतौर से जो देश अमेरिका की गुड बुक्स में रहे हैं, उनका भरोसा उससे हट रहा है ?सऊदी-पाकिस्तान समझौते के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर है कतर पर किया गया इजरायल का हमला। कतर अमेरिका का पुराना सहयोगी है। यहां साल 2000 से अमेरिकी सैन्य अड्डा है। कतर की राजधानी दोहा के पास मौजूद अल उदैद एयरबेस पश्चिम एशिया में अमेरिकी सेंट्रल कमांड के एयर ऑपरेशंस का मुख्यालय है। यहां करीब 8,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। कतर को लगता था कि इस वजह से वह इजरायल समेत किसी भी देश के हमले से महफूज है।मगर जब दोहा में हमास के नेताओं को मारने के लिए इजरायल ने हमला बोला, तो उसका यह भरोसा टूट गया। सऊदी अरब को भी लगा कि वह भी सुरक्षित नहीं है, क्योंकि इजरायल की मिसाइलें सऊदी के एयरस्पेस को पार करके ही दोहा पहुंच सकती थीं। अभी तक ये सारे देश (मुस्लिम देश) विश्व कूटनीति में अमेरिका के साथी ही माने जाते रहे हैं।इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने ट्रंप को दोहा पर हमले के बारे में पहले ही बता दिया था। दबाव में आकर ट्रंप को भी मानना पड़ा कि उन्हें इसकी जानकारी थी। इस खुलासे ने पश्चिमी एशिया के देशों में खलबली पैदा की। वैसे भी सबके दिमाग में कतर द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को करोड़ों डॉलर की कीमत वाला हवाई जहाज गिफ्ट करने की छवि तरोताजा थी।अमेरिका की मुश्किले कई है जैसे कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डा, फिर भी इजरायल ने किया हमला वगैरह . बताया जाता है कि इसीलिए सऊदी-पाक में हुआ करार हुआ है .

वैसे भारत ने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हाल के समझौते पर कोई टिप्पणी नहीं की। भारत ने यह कहकर सावधानी से जवाब दिया कि वह दोनों देशों के बीच समझौते का अध्ययन कर रहा है। सऊदी अरब के साथ भारत के संबंध मजबूत हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल सऊदी अरब का दौरा किया। भारत और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय व्यापार 50 बिलियन डॉलर से अधिक है। सऊदी अरब अपने कच्चे तेल का 20 प्रतिशत से अधिक भारत को निर्यात करता है। अप्रैल 2025 में, दोनों ने रक्षा सहयोग पर हस्ताक्षर किए। एक समिति का गठन किया गया। इसमें संयुक्त अभ्यास शामिल हैं। अब जब सऊदी अरब का पाकिस्तान के साथ



समझौता हो गया है और पाकिस्तान के नेता समझौते को लेकर जो कुछ भी कहें, सऊदी अरब भारत के साथ संतुलन बनाएगा। सऊदी अरब पाकिस्तान की लड़ाई नहीं लड़ेगा; लेकिन यह ईरान जैसे क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों से निपटने में मदद करेगा। यदि भारत और पाकिस्तान फिर से टकराते हैं, तो सऊदी अरब आर्थिक दबाव डाल सकता है; पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच यह समझौता कतर पर इजरायल के हमले के आठ दिन बाद हुआ है। पाकिस्तान और सऊदी अरब संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ जाने की हिम्मत नहीं करेंगे, भले ही समझौते को इजरायल को उकसाने के लिए चित्रित किया जा रहा है। समझौते के बाद भारत ने यह उम्मीद जताई है।

पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच संबंध आपसी जरूरतों पर आधारित हैं। सऊदी अरब वित्तीय सहायता प्रदान करता है और पाकिस्तान सैन्य सहायता प्रदान करता है। पाकिस्तान सऊदी अरब के नेतृत्व में सैन्य प्रयासों में शामिल है। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख राहील शरीफ ने 2015 से इस्लामिक सैन्य आतंकवाद विरोधी गठबंधन का नेतृत्व किया है। माना जाता है कि 2018 में, पाकिस्तान ने यमन में चल रहे संघर्ष में मदद के लिए सऊदी अरब में सेना भेजी थी। वह बारह सौ से दो हजार पाकिस्तानी सैनिक पहले से ही सऊदी अरब में तैनात हैं। इसके बदले में पाकिस्तान को सऊदी अरब से आर्थिक मदद मिलती रहेगी। पाकिस्तान को उम्मीद है कि भविष्य में भारत के साथ किसी भी संघर्ष के मामले में सऊदी अरब कुछ मदद करेगा। पाकिस्तान और सऊदी अरब को पता होना चाहिए कि पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच ह्यरणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौतेह्न का क्या मतलब है।

भारत ने सऊदी सशस्त्र बलों को प्रशिक्षित करने की पेशकश की है। भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी हाल के महीनों में बढ़ी है, जिसमें दोनों देशों और रक्षा मंत्रिस्तरीय समिति के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास शामिल हैं। स्थापना में ये चरण शामिल हैं। यह उनके रिश्ते को मजबूत करने का प्रतीक है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष शुरू होने पर तटस्थ रहने का फायदा सऊदी अरब को मिला है।

## आमेरिका के पेंसिल्वेनिया में बतुकम्मा उत्सव का आयोजन

एजेंसी

**पेंसिल्वेनिया।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में हैरिसबर्ग तेलुगु एसोसिएशन (एचटीए) के तत्वावधान में बतुकम्मा उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। भुवनगिरी (तेलंगाना) सीट से सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी इस उत्सव में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए और वहाँ उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सात समंदर पार करने के बाद भी तेलुगु समुदाय एकजुट है और अपनी संस्कृति और परंपराओं को दुनिया के सामने गर्व से प्रदर्शित करता है। श्री चमाला ने अमेरिका में रहने वाले तेलुगु समुदाय द्वारा भारत में अपने गांव या शहर लौटने पर सामना की जाने वाली समस्याओं से निपटने के लिए एक बेहतर व्यवस्था बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के समक्ष उठाएंगे और एक उपयुक्त समाधान की दिशा में काम करेंगे। सांसद ने कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए हैरिसबर्ग तेलुगु एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया और इसके सदस्यों के साथ एक रात्रिभोज में भी शामिल हुए।हैरिसबर्ग तेलुगु एसोसिएशन के अध्यक्ष काकरला श्रीनिवास, सचिव मुनि कुमार गिला, विबिशन रेड्डी, वेन्नम श्री राम रेड्डी, चंद्र संदादी, कटला राजू और अन्य लोगों ने इस उत्सव में भाग लिया।

## चीन में आगामी छुट्टियों में 2.36 अरब यात्री की यात्राएं होने की उम्मीद

**बीजिंग।** चीन के परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि बुधवार से शुरू हो रहे आठ दिवसीय राष्ट्रीय दिवस और मध्य-शरद उत्सव की छुट्टियों के दौरान देशभर में लगभग 2.36 अरब यात्री यात्राएं होने की उम्मीद है। परिवहन उप मंत्री ली यांग ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा,यात्रा की मांग जोरदार रहने वाली है, भले ही वह पर्यटन के लिए हो या पारिवारिक यात्राओं के लिए। श्री ली का अनुमान है कि इस छुट्टियों की अवधि में दैनिक औसत यात्राएं 29.5 करोड़ होंगी, जो 2024 की इसी अवधि की तुलना में 3.2 प्रतिशत अधिक है। इनमें से लगभग 80 प्रतिशत यात्राएं विशेष रूप से निजी वाहनों द्वारा की जाएंगी। श्री ली ने कहा कि व्यस्त अवधि के दौरान एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रतिदिन 7 करोड़ वाहनों को पार कर सकती है, जिसमें नए ऊर्जा वाहनों की संख्या 1.4 करोड़ होगी। इस बीच एयरलाइनें छुट्टियों के दौरान 1.92 करोड़ यात्री यात्राएं करेंगी, जो साल-दर-साल 3.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है और इस अवधि के लिए दर्ज किया गया उच्चतम स्तर है। ली ने कहा कि पर्यटन में तेजी के चलते मध्यम और लंबी दूरी की यात्राओं में वृद्धि होगी।

## ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के छह प्रतिबंध फिर से लागू

**वाशिंगटन।** ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के छह प्रतिबंध दस वर्षों के बाद आधी रात फिर से लागू हो जाएंगे। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर लिखी एक पोस्ट में कहा, संयुक्त राष्ट्र के छह प्रस्तावों को फिर से सक्रिय कर दिया गया है, जो ईरान के परमाणु संवर्धन पर प्रतिबंध लगाते हैं। उल्लेखनीय है कि फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान पर अपने परमाणु कार्यक्रमों का लगातार विस्तार करने और सहयोग न करने का आरोप लगाते



हुए 2015 के परमाणु समझौते के 'स्नैपबैक मैकेनिज्म' को फिर से सक्रिय कर दिया है। इन प्रतिबंधों के तहत हथियारों पर प्रतिबंध, संपत्ति जब्ती, यात्रा प्रतिबंध, परमाणु, मिसाइल और बैंकिंग आदि पर प्रतिबंध शामिल है उल्लेखनीय है कि जून में इजरायल द्वारा ईरान पर हमला करने के बाद ईरान ने अपने परमाणु स्थल के निरीक्षण की अनुमति देने से मना कर दिया था। वर्ष 2015 का परमाणु समझौता ईरान और अमेरिका, रुस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी के बीच हुआ था, जिसके तहत ईरान पश्चिमी देशों के प्रतिबंध हटाने के बदले अपने परमाणु कार्यक्रमों को रोकने पर सहमत हुआ था।

## कांगो में इबोला प्रकोप से 42 लोगों की मौत

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के कसाई प्रांत में इबोला विषाणु संक्रमण के कारण 64 दर्ज मामलों में से 42 लोगों की मौत हो गयी है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों में इसकी जानकारी दी। इसे देखते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने 'वैश्विक स्तर पर रोकथाम' का आह्वान किया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार प्रांतीय संचार एवं मीडिया मंत्री बाज़िन पेम्बे ने कहा कि 26 सितंबर को दर्ज हुए 64 मामलों (जिनमें 53 पुष्ट और 11 संभावित मामले हैं) में से 42 लोगों की मौत हो गयी है। इन 42 में से 31 पुष्ट मामले हैं। कांगो सरकार ने चार सितंबर को इसे प्रकोप घोषित कर दिया था, जो देश का 16वां इबोला प्रकोप है। 1976 में पहली बार कांगों में इस विषाणु का पता चला था। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा कि कसाई क्षेत्र देश के सबसे नाजुक क्षेत्रों में से एक है, जो कमजोर स्वास्थ्य प्रणाली, सुरक्षित पानी तक सीमित पहुंच, दवाओं की कमी और गंदगी का सामना कर रहा है। कांगो में यूनिसेफ के प्रतिनिधि जॉन एगबोर ने एक बयान में कहा कि इस तरह के प्रकोप हमें यह भी याद दिलाते हैं कि वैश्विक तैयारी और तत्काल प्रतिक्रिया भी कितनी महत्वपूर्ण है।

# यूक्रेन के मुद्दे पर सख्त दिखे लावरोव, बोले-रूस पर हर हमले का दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस और यूक्रेन में साल 2022 से युद्ध जारी है। इस बीच रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस को संबोधित करते हुए रूस के खिलाफ साजिश करने वाले देशों को चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले रोकने के लिए शर्तें रख दीं।

शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश रूस के खिलाफ बल प्रयोग की धमकियां लगातार दे रहे हैं और मास्को पर नाटो और यूरोपीय संघ के देशों पर हमला करने की योजना बनाने का आरोप लगा रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बार-बार इस तरह के उकसावे को खारिज किया है। लावरोव ने कहा कि रूस का ऐसा कोई इरादा न तो कभी था और न ही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर लावरोव ने कहा, 'जैसा कि राष्ट्रपति ने बार-बार कहा है कि रूस शुरू से ही संघर्ष के मूल कारणों को



खत्म करने के लिए बातचीत के लिए तैयार रहा है और रहेगा।' लावरोव ने कहा कि रूस की सुरक्षा और महत्वपूर्ण हितों की विश्वसनीय गारंटी होनी चाहिए। यूक्रेन के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में रूसियों और रूसी भाषी लोगों के अधिकारों को बहाल किया जाना चाहिए और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। इस आधार पर हम यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर बात करने के लिए तैयार हैं।रूस-अमेरिका संबंधों पर लावरोव ने कहा कि रूस को दोनों देशों के बीच बातचीत जारी रहने की उम्मीद है, खासकर अगस्त में अमेरिकी राज्य अलास्का में हुई शिखर वार्ता के बाद। लावरोव ने कहा कि रूस अमेरिका की ओर से न केवल यूक्रेन संकट के समाधान के लिए यथार्थवादी तरीके खोजने में योगदान देने की चाह रखता है, बल्कि बिना किसी वैचारिक रुख अपनाए व्यावहारिक सहयोग विकसित करने की इच्छा भी रखता है। उन्होंने कहा कि रूस और अमेरिका विश्व की स्थिति और मानवता को एक नए युद्ध में धकेलने वाले जोखिमों से बचाने के लिए विशेष जिम्मेदारी लेते हैं। लावरोव ने पुतिन द्वारा प्रस्तावित एक नई पहल को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि मास्को फरवरी 2026 में नई सामरिक शस्त्र न्यूनीकरण संधि (न्यू स्टार्ट) की समाप्ति के बाद एक वर्ष तक परमाणु हथियारों की सीमा का पालन करने के लिए तैयार है।

## गाजा में बंदियों से टूटा संपर्क, हमास ने इजराइल से की हमले रोकने की अपील

एजेंसी

**गाजा सिटी।** हमास के सशस्त्र धड़े इज्जुद्दीन अल-कस्साम ब्रिगेड ने दावा किया है कि संगठन ने अपने कब्जे में मौजूद दो इजराइली बंदियों से संपर्क खो दिया है। इस परिस्थिति में उसने इजराइल से अपील की है कि गाजा सिटी में हवाई हमले और सैन्य अभियान को 24 घंटे के लिए रोक दिया जाए, ताकि बंदियों को खोजने का प्रयास किया जा सके। ब्रिगेड का कहना है कि पिछले 48 घंटों में गाजा सिटी के दक्षिणी हिस्सों में इजराइली सेना की कार्रवाई के चलते संपर्क टूट गया। संगठन ने चेतावनी दी कि दोनों बंदियों की जान गंभीर



खतरे में है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया कि उनका देश हमास के खिलाफ 'अंतिम लड़ाई' जारी रखेगा। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक 66,000 से अधिक लोग इस संघर्ष में मारे जा चुके हैं। यह युद्ध 07 अक्तूबर 2023 को हमास के हमले से शुरू हुआ था, जिसमें इजराइल में 1,200 से अधिक लोगों की मौत हुई थी और 251 को बंधक बना लिया गया था। वर्तमान में 47 बंधक अब भी गाजा में कैद बताए जाते हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री ओली सहित पांच लोगों के काठमांडू छोड़ने पर न्यायिक आयोग ने प्रतिबंध लगाया

एजेंसी

**काठमांडू।** अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सहित पांच लोगों गठित इस न्यायिक आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री ओली सहित पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक, तत्कालीन गृह सचिव बिना काठमांडू से बाहर नहीं जाने देने का निर्देश दिया है। इसके अलावा इस आयोग ने पूर्व



को बिना अनुमति काठमांडू न छोड़ने का निर्देश दिया गया है।यह निर्देश नेपाल में आंदोलन के दौरान युवा प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने की जांच को लेकर गठित न्यायिक आयोग ने दिया है। साथ ही इनकी गतिविधि के बारे में आयोग में दैनिक रिपोर्टिंग करने को भी कहा गया है।

सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में गोकर्ण मणि दुवाडी, आंतरिक खुफिया विभाग के प्रमुख हुत राज थापा तथा काठमांडू के तत्कालीन जिलाधिकारी छवि रिजाल को काठमांडू छोड़ कर बाहर नहीं जाने का निर्देश दिया है। न्यायिक आयोग ने नेपाल पुलिस, सशस्त्र प्रहरी बल और राष्ट्रीय अनुसंधान विभाग को इन पांचों पर निगरानी रखने और आयोग की अनुमति के प्रधानमंत्री ओली, पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक सहित पांच लोगों का पासपोर्ट निलंबित करने का भी निर्देश दिया है। आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा और पूर्व विदेश मंत्री डॉ. आरजू देउवा का भी पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया है। बीते 19 सितंबर को राष्ट्रीय अवकाश के दिन देउवा दंपति को नए पासपोर्ट जारी किये गए थे।

## ईयू शिखर सम्मेलन के मद्देनजर डेनमार्क में नागरिक ड्रोन उड़ानों पर अस्थायी प्रतिबंध

एजेंसी

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क सरकार ने आगामी यूरोपीय संघ (ईयू) शिखर सम्मेलन के मद्देनजर देशभर में सभी नागरिक ड्रोन उड़ानों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह निर्णय 01 अक्टूबर से 02 अक्टूबर तक कोपेनहेगन में होने वाले उच्च स्तरीय सम्मेलन के दौरान सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लिया गया है। परिवहन मंत्री थॉमस डेनियलसन ने बयान जारी कर बताया, 'सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सोमवार से तक नागरिक ड्रोन उड़ानों पर प्रतिबंध रहेगा। इससे यह स्पष्ट होगा कि कौन-से ड्रोन वैध हैं और कौन संदिग्ध।'यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब 22 सितम्बर से अब तक डेनमार्क में कई रहस्यमयी ड्रोन गतिविधियों की सूचना मिली है। इनमें कुछ घटनाएं सैन्य ठिकानों के ऊपर ड्रोन देखे जाने से जुड़ी हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में चिंता बढ़ गई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह प्रतिबंध सैन्य, पुलिस, आपातकालीन सेवाओं और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े ड्रोन पर लागू नहीं होगा। नियम का उल्लंघन करने

> यह निर्णय 01 अक्टूबर से 02 अक्टूबर तक कोपेनहेगन में होने वाले उच्च स्तरीय सम्मेलन के दौरान सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लिया गया है।

पर जुर्माना या दो वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। न्याय मंत्री पीटर हम्मेलगार्ड ने कहा, 'इस प्रतिबंध से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों का ध्यान केवल आवश्यक मामलों पर केंद्रित रहेगा और उन्हें अनावश्यक नागरिक ड्रोन की जांच में समय नहीं गंवाना पड़ेगा। डेनमार्क की पुलिस को अब तक 500 से अधिक ड्रोन उड़ानों की सूचना मिल चुकी है, जिनमें से अधिकांश को सुरक्षा के लिहाज से गंभीर नहीं माना गया।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच नॉर्वे और जर्मनी में भी संदिग्ध ड्रोन गतिविधियों की जांच की जा रही है। नाटो ने बाल्टिक क्षेत्र में निगरानी और सुरक्षा उपायों को मजबूत कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, क्षेत्र में खुफिया निगरानी प्रणाली और वायु रक्षा पोतों को तैनात किया गया है। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेते फ्रेडरिकसन ने रूस की ओर इशारा करते हुए कहा, यूरोप की सुरक्षा के लिए जो सबसे बड़ा खतरा है, वह रूस है। हालांकि, रूस ने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है और डेनमार्क के आरोपों को 'निराधार' बताया है।

## वीजा सिस्टम में सुधार के लिए दक्षिण कोरिया-अमेरिका की नई पहल, इस हफ्ते लॉन्च हो सकता है वर्किंग ग्रुप

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका साथ मिलकर कोरियाई कामगारों के लिए वीजा प्रणाली में सुधार के लिए इस हफ्ते एक कार्य समूह का गठन करेंगे। इस बात की जानकारी राजनयिक सूत्रों ने दी। हाल ही में अमेरिका के जॉर्जिया में हुंडई प्लांट पर इमिग्रेशन एनफोर्समेंट ऑपरेशन के तहत छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद करीब 475 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें 300 दक्षिण कोरिया के रहने वाले हैं। जॉर्जिया में हुंडई प्लांट पर सितंबर की शुरुआत में हुई इस छापेमारी के बाद दक्षिण कोरियाई कामगारों को वीजा नियमों के स्पष्ट उल्लंघन के आरोप में एक हफ्ते तक हिरासत में रखा गया। योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राजनयिक बातचीत के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि सियोल के



विदेश मंत्रालय और अमेरिकी विदेश विभाग इस कार्य समूह का नेतृत्व करेंगे। माना जा रहा है कि अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग और वाणिज्य विभाग भी इस समूह में भाग ले सकते हैं। ऐसे समय में जब कोरियाई कंपनियां अमेरिका में बड़ी विनिर्माण परियोजनाएं चला रही हैं, दोनों देशों के बीच दक्षिण कोरियाई श्रमिकों के लिए अमेरिकी वीजा प्रणाली को बेहतर बनाने पर चर्चा होने की व्यापक संभावना है। बता दें, हिरासत में लिए गए कई लोग बी1 वीजा पर अमेरिका आए थे, जो व्यावसायिक उद्देश्यों, जैसे बैठकों में भाग लेने या अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने, या अल्पकालिक प्रवास के लिए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम फॉर ट्रैवल ऑथराइजेशन (ईएसटीए) वीजा छूट कार्यक्रम के तहत जारी किया गया था। दोनों देशों के बीच बी1 वीजा को हल्के तरीके से लागू करने पर चर्चा होने की संभावना है। अगर बी1 वीजा के तहत व्यावसायिक उद्देश्यों का दायरा स्पष्ट हो जाता है, तो अमेरिका मौजूदा वीजा प्रणाली में बदलाव किए बिना दक्षिण कोरियाई व्यापारियों की कठिनाइयों का तुरंत समाधान कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका में निवेश करने वाले कोरियाई लोगों के लिए अमेरिका स्थित दक्षिण कोरियाई दूतावास में एक अलग वीजा डेस्क स्थापित करने की संभावना पर विचार किया जा सकता है।

## नेपाल अंतरिम सरकार के ऊर्जा मंत्री अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में भारत जाएंगे



एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल अंतरिम सरकार के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री कुलमन घीसिंग अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में भारत भ्रमण पर जाएंगे। नेपाल सरकार के प्रवक्ता एवं सूचना तथा संचार मंत्री जगदीश खरेल ने बताया कि नई दिल्ली में 27 से 30 नवंबर तक होने वाली अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की आठवीं बैठक में शामिल होंगे। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में ऊर्जा मंत्री घीसिंग के भारत भ्रमण को मंजूरी दी गई है।

# गृहमंत्री का निर्देश-नेपाल की हिंसक घटनाओं में शामिल युवाओं की गिरफ्तारी न की जाए

एजेंसी

**काठमांडू।** अंतरिम सरकार के गृहमंत्री ओमप्रकाश आर्यल ने पुलिस को निर्देश दिया है कि वह 8 और 9 सितंबर के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई तोड़फोड़, आगजनी और लूटपाट की घटनाओं में शामिल युवाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई न की जाए।

पुलिस ने हाल ही में पुलिस चौकियों को आग लगाने, हथियारों को लूटने और सार्वजनिक कार्यालयों पर हमला करने के लिए कई युवाओं को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शन के दौरान काठमांडू और देश भर में सैकड़ों सरकारी कार्यालयों में आग लगा दी गई। 3,000 से अधिक पुलिस हथियारों को लूट लिया गया।



सिंहदरबार, सुप्रीम कोर्ट, संसद भवन,राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास सहित राज्य के प्रमुख संस्थानों में कई दिनों तक आग लगी रही।गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी करके विरोध प्रदर्शनों से मानव और भौतिक नुकसान की जांच के लिए पूर्व न्यायमूर्ति गौरी बहादुर कार्की के तहत एक न्यायिक आयोग के गठन की घोषणा की है। मंत्रालय ने तर्क दिया कि तत्काल कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की जाएगी, क्योंकि आयोग के पास घटनाओं का अध्ययन करने और कानूनी कदमों की सिफारिश करने का जनादेश है।

आर्याल ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चंद्रकुबेर खापुंग को एक लिखित आदेश में हिंसक प्रदर्शनों के दौरान सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से जुड़े मामलों को आगे नहीं बढ़ाने का निर्देश दिया है।

## नेपाल के मौजूदा हालातों में पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह ने सभी पक्षों से एकजुट होने का आह्वान किया

एजेंसी

**काठमांडू।** पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने एक संदेश जारी करके देश की वर्तमान विकट परिस्थिति का सामना करने के लिए सभी पक्षों से एकजुट होने का आह्वान किया है। साथ ही कहा कि उन्होंने इस साल के नवरात्रि में टीका के अवसर पर समारोह नहीं करने का फैसला लिया है।

अपने बयान में पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह ने कहा कि यह त्योहार केवल परिवार के भीतर और सांस्कृतिक तरीके से मनाया जाएगा, क्योंकि राष्ट्र वर्तमान में अत्यधिक तबाही और शोक की स्थिति में है। उन्होंने कहा है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष पर्व त्यौहारों का मौसम उल्लास नहीं है, क्योंकि देश ने दर्जनों सपूतों को खो दिया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि नेपाल हमेशा एक स्वतंत्र और स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप में खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्भरता या भू-राजनीतिक चक्र में फंसे बिना अपना रास्ता तय करने की क्षमता के साथ एक एकीकृत नेपाल का पुनर्निर्माण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य प्रणाली में समय पर सुधार करके और गतिशील प्रबंधन प्रथाओं को अपनाकर आगे बढ़ना आवश्यक है। अपने संदेश में देश के समग्र विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि नेपाल को वैश्विक रुझानों के अनुरूप



राष्ट्रीय समाज की बदलती संरचना को स्वीकार करना चाहिए। उनके संदेश में कहा गया कि युग और समय के अनुसार इस तरह के सभी प्रयास करते समय हमें अपनी पहचान और मूल्यों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी हमारे भविष्य की नींव है। केवल उनमें निहित देशभक्ति की भावना, ऊर्जा और नवीन सोच ही राष्ट्र को शक्ति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जा सकती है।

## चीन ने पाकिस्तान को पहुँचायी बाढ़ राहत सामग्री

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन सरकार की ओर से पाकिस्तान के लिये आपातकालीन बाढ़ राहत सामग्री की पहली खेप मध्य चीन के झेंग्झौ से राजधानी इस्लामाबाद पहुंचायी गयी ।चीनी वायु सेना ने यह जानकारी दी है। दो वाई-20 परिवहन विमानों ने टेंट और कंबल सहित सामग्री पाकिस्तान की



राजधानी इस्लामाबाद पहुँचायी है। पाकिस्तान जून से भीषण बाढ़ से जूझ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप भारी जनहानि और संपत्ति का नुकसान हुआ है। इसे देखते हुये चीन ने पाकिस्तान को 20 लाख अमेरिकी डॉलर की आपातकालीन सहायता प्रदान की। बाढ़ के बाद पाकिस्तान के पुनर्निर्माण कार्यों को और अधिक सहारा देने के लिए, चीन सरकार ने अतिरिक्त 10 करोड़ युआन (लगभग 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर) मूल्य की आपातकालीन बाढ़ राहत सामग्री प्रदान करने का निर्णय लिया है। शेष सामग्री अब तत्काल आधार पर तैयार की जा रही है और आने वाले दिनों में भेज दी जाएगी।

# रूस-यूक्रेन संघर्ष: हमला और तेज, 595 ड्रोन और 48 मिसाइलों से कई ठिकानों पर निशाना साधा; चार की मौत और 10 घायल

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस ने यूकेन पर 595 ड्रोन व 48 मिसाइलें दागीं। इस भीषण हमले में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 लोग घायल हो गए। सबसे ज्यादा नुकसान राजधानी कीव में हुआ। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इन हमलों पर आक्रोश जताते हुए कहा कि रूस युद्ध जारी रखना चाहता है। पूरी दुनिया को उस पर सख्त दबाव बनाना चाहिए। इन हमलों के कारण पोलैंड को उसकी राजधानी वारसॉ के दक्षिण में वायुक्षेत्र को बंद करना पड़ा।

कीव शहर प्रशासन के प्रमुख ताइमुर तकाचेंको ने सोशल मीडिया के जरिये हताहतों की संख्या की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि शहर भर के नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर



हमले किए गए। शहर के केंद्र के पास हुए विस्फोट से घना काला धुआं उठते देखा जा सकता था। कीव की महापौर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार, रात को शुरू हुए व भोर तक जारी रहे हमलों में आवासीय इमारतों, नागरिक बुनियादी ढांचे, एक चिकित्सा सुविधा व एक किंडरगार्टन को भी निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि राजधानी में 20 से ज्यादा जगहों पर नुकसान पहुंचा है। यूक्रेनी सेना ने कहा कि रूस की तरफ से 595 ड्रोन व 48 मिसाइलें दागी गईं। इनमें से 568 ड्रोन व 43 मिसाइलों को वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया। सेना ने कहा कि रूसी हमले का मुख्य निशाना राजधानी कीव था। रूसी सेना ने बताया उसने लंबी दूरी की मिसाइलों व समुद्री हथियारों से यूक्रेन पर हमले किए।

## दुनियाभर के पेशेवरों को कनाडा बुलाने की तैयारी में पीएम कार्नी, कहा- जल्द बढ़िया स्कीम लाएंगे

एजेंसी

ओटावा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से एच-1बी वीजा की फीस 1 लाख डॉलर करने के चलते कई स्किल्ड वर्कर्स (कुशल श्रमिक) का वहां जाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में कनाडा इस हालात का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने लंदन में पत्रकारों से कहा कि वह अमेरिका में काम करने वाले टेक्नोलॉजी सेक्टर के उन लोगों को कनाडा बुलाना चाहते हैं, जो अब वीजा फीस बढ़ने से मुश्किल में पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार अपनी आव्रजन नीति की समीक्षा कर रही है और ऐसे कुशल लोगों को अपने यहां बुलाने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, उनकी सरकार जल्द ही एक बढ़िया स्कीम लाएगी, जिससे कुशल पेशेवर को कनाडा में आने की सुविधा होगी। टोरंटो की फर्म पैसेज के सीईओ मार्टिन बसिरी के मुताबिक वे लोग जो एच-1बी के जरिये अमेरिका जाने की योजना बना रहे थे अब कनाडा का रुख करेंगे। मध्यम रेंज वाले व्यापारी, जो 1 लाख डॉलर का टैक्स नहीं चुका सकते, वे कनाडा में अपना ऑफिस खोल सकते हैं। अब कनाडा के पास मौका है कि इन हाई स्किल्ड लोगों के लिए वह नई स्कीम लेकर आए।

## एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए सरकार को 3248 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश सौंपा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में ऊर्जा मंत्रालय को 3,248 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। कंपनी के बयान के अनुसार एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने निदेशक मंडल के साथ 25 सितंबर को सचिव (विद्युत) पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल को अंतिम लाभांश सौंपा। यह क्रमशः नवंबर 2024 और फरवरी 2025 में दिए गए 2,424 करोड़ रुपये के पहले अंतरिम लाभांश और 2,424 करोड़ रुपये के दूसरे अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है।वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भुगतान किया गया कुल लाभांश 8,096 करोड़ रुपये है, जो 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 8.35 रुपये की दर से होगा। यह लगातार 32वां वर्ष है जब एनटीपीसी लिमिटेड ने लाभांश का भुगतान किया है। लगभग 84,000 मेगावाट की विद्युत उत्पादन क्षमता के साथ एनटीपीसी समूह भारत की सबसे बड़ी बिजली कंपनी है।

## मुथूट फिनकॉर्प पर 2.7 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। आंतरिक लोकपाल से जुड़े कुछनियमों के उल्लंघन पर आरबीआई ने मुथूट फिनकॉर्प लि. पर 2.7 लाख का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, 31 मार्च, 2024 तक कंपनी की वित्तीय स्थिति के वैधानिक निरीक्षण के बाद नोटिस जारी किया गया था। नोटिस पर कंपनी के जवाब पर विचार करने के बाद आरोप सही साबित हुए। इसलिए, कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है।

## अमेरिका से 196000 से अधिक वाहन वापस बुलाएगी बीएमडब्ल्यू

नई दिल्ली। कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू इंजन में खराबी के बाद अमेरिका से अपने 1,96,000 से ज्यादा वाहनों को वापस बुलाएगी। इंजन में खराबी के कारण इसमें जंग लगने की समस्या से ओवरहीटिंग और शॉर्ट सर्किट हो सकता है। इससे आग लगने का खतरा बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन ने कहा कि इसके चलते टोयोटा सुप्रा और 2022 बीएमडब्ल्यू 230 आई वाहनों सहित कई मॉडलों पर प्रभाव पड़ेगा।

## सौर ऊर्जा कंपनी वॉरी की अमेरिका में जांच

नई दिल्ली। अमेरिकी सीमा शुल्क अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या भारतीय सौर ऊर्जा कंपनी वारी एनर्जीज ने चीन में निर्मित सेल और पैनलों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए उन्हें भारत में निर्मित बताकर उन पर शुल्क लगाया है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा ने वॉरी और अमेरिकन अलायंस फॉर सोलर मैन्युफैक्चरिंग ट्रेड कमेटी के वकीलों को एक ज्ञापन में इस जांच का खुलासा किया।

## ब्रिक्स समर्थित बैंक मार्च तक लाएगा रुपया आधारित बॉन्ड

नई दिल्ली। ब्रिक्स देशों के समर्थित न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) मार्च के अंत से पहले घरेलू बाजार में पहला भारतीय रुपया मूल्यवर्गित बॉन्ड जारी कर सकता है। इस योजना के लिए आरबीआई के साथ बात हो रही है। एनडीबी ने पहले चीनी युआन व दक्षिण अफ्रीकी रैंड मुद्रा में धन जुटाया है। बैंक पहली किस्त में 3-5 साल के बॉन्ड से 40 करोड़ डॉलर से 50 करोड़ डॉलर की रकम जुटा सकता है। यह योजना ऐसे समय में आई है जब चीन व भारत अपनी मुद्राओं की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं व निवेशक विकसित बाजारों से परे अपनी परिसंपत्तियों में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में चीन ने हांगकांग में युआन बॉन्ड के विकास का समर्थन करने के लिए उपाय शुरू किए। एनडीबी के मुख्य वित्तीय अधिकारी मोनाले रत्सोमा ने कहा, एनडीबी भारत सरकार और नियामकों के साथ मिलकर भारतीय परियोजनाओं के लिए स्थानीय मुद्रा में वित्त पोषण प्रदान करने हेतु स्थानीय बाजारों से धन जुटाने की संभावनाओं पर काम कर रहा है।

# प्राइमरी मार्केट में बढ़ेगी हलचल, अगले सप्ताह खुलेंगे 20 नए आईपीओ

एजेंसी

नई दिल्ली। शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में जबरदस्त हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह कम से कम 20 कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें से 4 आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि शेष 16 आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुए 14 आईपीओ में भी इस सप्ताह बोली लगाई जा सकेगी। इस सप्ताह नए आईपीओ की बमबारी होने के साथ ही लिस्टिंग के मोर्चे पर भी जमकर हलचल रहने वाली है। सोमवार से शुरू हो रहे इस सप्ताह 26 कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगे। इनमें से सिर्फ 30 सितंबर को ही 9 कंपनियों के और 1 अक्टूबर को 8 कंपनियों के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्ट होने वाले हैं। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 29 सितंबर को मेनबोर्ड सेगमेंट में ग्लॉटिस लिमिटेड का 307 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। ये आईपीओ 1 अक्टूबर को बंद होगा। आईपीओ में आवेदन करने के लिए 120 रुपये से लेकर 129 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 114 शेयर का है। ग्लॉटिस लिमिटेड के शेयर बीएसई और एनएसई पर 7 अक्टूबर को लिस्ट हो सकते हैं। इसी दिन मेनबोर्ड सेगमेंट के ही ओम फ्रेट फॉरवर्डर्स का 122.31 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। ये आईपीओ भी 3 अक्टूबर को बंद होगा। आईपीओ में आवेदन करने के लिए 128 रुपये से लेकर 135 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 111 शेयर का है। ओम फ्रेट फॉरवर्डर्स के शेयर बीएसई और एनएसई पर 8 अक्टूबर को लिस्ट हो सकते हैं। 29 सितंबर को ही फैबटेक टेक्नोलॉजीज का 230.35 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। ये आईपीओ 1 अक्टूबर को बंद होगा। आईपीओ में आवेदन करने के लिए 181 रुपये से लेकर 191 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 75 शेयर का है। फैबटेक टेक्नोलॉजीज के शेयर बीएसई और एनएसई पर 7 अक्टूबर को लिस्ट हो सकते हैं। मेनबोर्ड सेगमेंट के अलावा एसएमई सेगमेंट के ढिल्लन फ्रेट कैरियर का 10.08 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। ये आईपीओ 1 अक्टूबर को बंद होगा। इस इश्यू में आवेदन करने के लिए 72 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। ढिल्लन फ्रेट कैरियर के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 7 अक्टूबर को लिस्ट हो सकते हैं। ओम मेटालॉजिक का 25.35 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। ये आईपीओ 1 अक्टूबर को बंद होगा। इस इश्यू में आवेदन करने के लिए 86 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। ओम मेटालॉजिक के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 7 अक्टूबर को लिस्ट हो सकते हैं। 29 सितंबर को ही विजय पीवी स्यूटिकल्स का 19.25 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है।

## अब विदेश से यूरेनियम का खनन करेगा भारत?

एजेंसी

नई दिल्ली। ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अब परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी यूरेनियम की सप्लाई सुनिश्चित करने के कदम उठा रही है। इसके तहत कंपनी विदेशों में यूरेनियम खदानों की पहचान करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करेगी। यह कदम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया जाएगा।

**भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला**

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला एनटीपीसी के भविष्य के स्वतंत्र परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को कच्चा माल उपलब्ध कराने की योजना का हिस्सा है। अभी एनटीपीसी का फोकस न सिर्फ थर्मल और सोलर ऊर्जा पर है, बल्कि वह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है।

**राजस्थान में 42000 करोड़ का परमाणु प्रोजेक्ट**

फिलहाल एनटीपीसी, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ ज्वाइंट वेंचर के तहत राजस्थान में एक बड़ा परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित कर रही है। इस प्रोजेक्ट में एनटीपीसी की 49फीसदी हिस्सेदारी होगी, जबकि एनपीसीआईएल की 51फीसदी हिस्सेदारी रहेगी। इस प्रोजेक्ट का कुल निवेश लगभग 42000 करोड़ रुपये है। इसका नाम माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट (एमबीआरएपीपी) रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में बांसवाड़ा में इस परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना अनुषंगिक विद्युत निगम लिमिटेड नाम के संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के जरिए स्थापित की जा रही है। एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने हाल ही में बताया कि कंपनी भविष्य में स्वतंत्र परमाणु परियोजनाएं स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए कंपनी कई न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी प्रदाताओं और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। इससे एनटीपीसी को अपने ऊर्जा पोर्टफोलियो को और विविध बनाने का मौका मिलेगा।

## वित्तीय सेवा विभाग ने एमसीएमपी के साथ पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफसी) ने उच्चतम न्यायालय के मध्यस्थ एवं सुलह परियोजना समिति ( एमसीएमपी) के साथ मिलकर ऋण वसूली न्यायाधिकरणों के पीठासीन अधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए राजधानी में मध्यस्थता विषय पर पांच दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। वित्त मंत्रालय की की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 24-28 सितंबर तक 40 घंटे के इस कार्यक्रम के दौरान मध्यस्थता की अवधारणा, न्यायिक प्रक्रिया और विभिन्न एडीआर प्रक्रियाओं के बीच तुलना, मध्यस्थता में बातचीत और सौदेबाजी आदि विषयों पर चर्चा की गयी।न्यायालय के एनेक्सी भवन परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम वर्तमान समय में विवाद समाधान तंत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से प्रशिक्षण के उद्देश्य से रखा गया था। मध्यस्थता को आपसी सहमति से विवादों को सुलझाने के लिए एक प्रभावी पद्धति के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मध्यस्थता की अवधारणा, न्यायिक प्रक्रिया और विभिन्न एडीआर प्रक्रियाओं के बीच तुलना, प्रक्रिया, मध्यस्थों के चरण और भूमिका, मध्यस्थता में संचार के तरीके, साथ ही मध्यस्थता में बातचीत और सौदेबाजी सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यस्थता में विभिन्न हितधारकों, जैसे रेफरल न्यायाधीशों, वकीलों और पक्षों की भूमिका पर भी चर्चा की गई, जिसमें ऋण वसूली और दिवालियापन (आरडीबी) अधिनियम, 1993 और एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, 2002 के तहत डीआरटी के पीठासीन अधिकारियों द्वारा विचारित और विचारित मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में शामिल किए गए विषयों पर संतुष्टि व्यक्त की और वित्तीय सेवा विभाग तथा न्यायालय की एमसीएमपी के प्रति सराहना व्यक्त की।

## ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के दिशानिर्देश जारी, सरकार पीएम ई-ड्राइव के तहत दे रही सुविधा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पीएम ई-ड्राइव योजना (PM E-DRIVE) के तहत देशभर में लगभग 72,300 सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन (EV) चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का एलान किया है। अब इनके संचालन से जुड़े दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इस योजना पर कुल सरकार 10,900 करोड़ रुपये खर्च करेगी। 2,000 करोड़ रुपये विशेष रूप से चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने पर खर्च किए जाएंगे। दिशानिर्देशों के अनुसार चार्जिंग के इंफ्रास्ट्रक्चर को और बेहतर बनाने के लिए 'सब्सिडी की संरचना' अपनाई जाएगी। सरकारी परिसर (कार्यालय, आवासीय परिसर, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान आदि) में चार्जिंग स्टेशन लगाने पर 100फीसदी सब्सिडी दी जाएगी। बशर्ते वे जनता के लिए मुफ्त उपलब्ध हों। सरकार या पीएसयू के स्वामित्व/नियंत्रण वाली जगहों पर 80फीसदी लागत (अपस्ट्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर) और 70फीसदी लागत (ईवी चार्जिंग उपकरण) सब्सिडी के रूप में मिलेगी। इन जगहों में रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे - AAI द्वारा संचालित, सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों के पेट्रोल पंप, राज्य परिवहन उपक्रमों के बस अड्डे, मेट्रो स्टेशन, नगर निगम की पार्किंग, सरकारी बंदरगाह, NHAI या राज्य सरकार नियंत्रित टोल प्लाजा और हाईवे/एक्सप्रेसवे पर वे-साइड सुविधाओं को शामिल किया गया है।

शहरों की सड़कें, मॉल, मार्केट कॉम्प्लेक्स, हाईवे और एक्सप्रेसवे जैसी अन्य जगहों पर भी अपस्ट्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर लागत पर 80फीसदी सब्सिडी मिलेगी। बैटरी स्वैपिंग स्टेशन/बैटरी चार्जिंग स्टेशन पर भी अपस्ट्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर लागत का 80फीसदी सब्सिडी मिलेगी। सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, केंद्र और राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों के मंत्रालय भी चार्जिंग स्टेशन लगा सकेंगे। इन्हें नोडल एजेंसियां नियुक्त करनी होंगी। मांग आने पर ये लोग भारी उद्योग मंत्रालय को प्रस्ताव भेजेंगे। ये एजेंसियां उच्च प्राथमिकता वाली जगहों की पहचान कर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एकीकृत प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगी।

भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) को इस परियोजना के लिए प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन एजेंसी (PIA) बनाया गया है। सब्सिडी दो चरणों में मिलेगी। पहला चरण अनुपालन मानदंड पूरे करने का, जबकि दूसरा प्रदर्शन मानकों को पूरा करने का है। इस योजना के तहत सरकार का मुख्य ध्यान एक मिलियन से अधिक आबादी वाले शहरी केंद्रों, स्मार्ट सिटी, मेट्रो से जुड़े सैटेलाइट शहरों, राज्य की राजधानियों और घनी आबादी वाले राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर रहेगा।

# सर्राफा बाजार में 1.06 लाख रुपये के स्तर पर पहुंचा 22 कैरेट सोना, चांदी हुई सस्ती

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का सिलसिला जारी है। आज सोना 540 रुपये लेकर 590 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है, तो चांदी आज 1,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। सोने की कीमत में हुई बढ़ोतरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,15,480 रुपये से लेकर 1,15,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,05,850 रुपये से लेकर 1,06,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। भाव में गिरावट आने के कारण चांदी धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,41,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान जबरदस्त तेजी का रुख बनने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 4,150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की उछाल दर्ज की गई



है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 3,780 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। सोने की तरह ही पूरे सप्ताह के कारोबार में उतार-चढ़ाव के बीच चांदी के भाव में साप्ताहिक आधार पर 8,900 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,15,630 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,06,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,15,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,05,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,15,530 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,05,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,15,480 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,05,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,15,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,05,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,15,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,06,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,15,530 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,05,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## काउंटिंग विभाग में 10 वर्ष से चल रहा था गड़बड़ी का खेल

एजेंसी

मुंबई। अइंडसइंड बैंक में अकाउंटिंग में गड़बड़ी का खेल पिछले 10 साल से चल रहा था। यह खुलासा बैंक के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी यानी सीएफओ और व्हिसलब्लोअर गोबिंद जैन ने किया है। जैन ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के सामने दावा किया कि बैंक के डेरिवेटिव्स पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग की गड़बड़ी 2015 से चली आ रही है। पुलिस ने इसी सप्ताह जैन और डिप्टी सीईओ अरुण खुराना का बयान दर्ज किया था।जैन ने कहा, तत्कालीन बोर्ड, वरिष्ठ प्रबंधन और पूर्व फाइनेंस प्रमुख एसवी जरेगांवकर को अकाउंटिंग की गड़बड़ी की जानकारी थी। इस वजह से जैन ने चार बार इस्तीफा दे दिया था। जैन ने सबसे पहले जून,2024 में इस्तीफा सौंपा था लेकिन वह मंजूर नहीं हुआ। इसके बाद 3 और बार इस्तीफा दिया। आखिरकार इस साल जनवरी में इस्तीफा मंजूर हुआ। उन्होंने बार-बार उस समय के एमडी और सीईओ सुमंत कठपालिया से अपील की थी कि स्वतंत्र ऑडिटर नियुक्त कर मामले की जांच कराई जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो बैंक को गंभीर नुकसान हो सकता है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 24 सितंबर को अकाउंटिंग चूक की जांच के संबंध में बैंक के पूर्व सीईओ सुमंत कठपालिया का बयान दर्ज किया। इंडसइंड बैंक को लेकर अनिश्चितता तब शुरू हुई, जब इस साल मार्च में बैंक ने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो से जुड़ी अकाउंटिंग चूक की जानकारी दी। 10 मार्च को बैंक ने खुलासा किया कि डेरिवेटिव्स लेन-देन में गड़बड़ी के कारण उसे 1,577 करोड़ रुपये का झटका लग सकता है। कई ऑडिट के बाद बैंक ने मार्च तिमाही के नतीजों में करीब 2,000 करोड़ रुपये का एकमुश्त घाटा दर्ज किया। 27 मई को सेबी ने एक अंतरिम आदेश जारी किया। इसके मुताबिक, बैंक प्रबंधन को डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकांउटिंग की गड़बड़ियों के बारे में बैंक द्वारा स्टॉक एक्सचेंजों को बताए जाने से 15 महीने पहले ही पता चल गया था।

# उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी ने दिखायी मज़बूत व्यावसायिक संभावना: फियो

एजेंसी

नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी-2025 में राज्य की मज़बूत व्यावसायिक संभावनाएं दिखी हैं और इसमें 1000 से अधिक एमओयू हस्ताक्षरित किये गये हैं ।

निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि प्रदर्शनी के चौथे दिन तक 400 करोड़ रुपये की व्यापारिक पूछताछ दर्ज की गई थी। इस प्रदर्शनी में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, केन्या, युगांडा, लेबनान सहित 88 देशों की भागीदारी दिखाई है और 2000 से अधिक घरेलू विक्रेताओं ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनी के चौथे दिन तक 1800 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार-विक्रेता बैठकें हुई जिनमें 6.1 करोड़ डॉलर (400 करोड़ रुपये ) के व्यावसायिक पौधों के बारे में बातचीत की गई है। फियो का कहना है कि है कि तीसरा उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो (यूपीआईटीएस) 2025 का तीसरा संस्करण वैश्विक व्यापार मेल-मिलाप में नए मानक स्थापित करता जा रहा है। चौथे दिन तक, इस आयोजन ने विदेशी खरीदारों और भारतीय विक्रेताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी, जिसके परिणामस्वरूप 1000 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए और 400 करोड़ रुपये की व्यापारिक पूछताछ उत्पन्न हुई। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) प्रदर्शनी ने अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों से महत्वपूर्ण रुचि दिखायी है, जिससे उत्तर प्रदेश की स्थिति एक अनूठे, उच्च गुणवत्ता वाले और विविध उत्पादों के केंद्र के रूप में और मजबूत हुई है।

## आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समिति की बैठक एक अक्तूबर को, रेपो रेट में कटौती या स्थिरता पर फैसला संभव

एजेंसी

नई दिल्ली। रेपो रेट को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक एक अक्तूबर को होगी। माना जा रहा है कि इस बैठक में रेपो रेट को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। इस बार एसबीआई की एक रिपोर्ट ने 25 बेसिस पॉइंट्स (बीपीएस) की कटौती का सुझाव दिया है, जबकि कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि आरबीआई मौजूदा रेट को बरकरार रख सकता है।इस साल फरवरी से अगस्त तक आरबीआई ने तीन बार मिलाकर कुल 100 बेसिस पॉइंट की कटौती की है, क्योंकि महंगाई दर कम हो रही है। अगस्त में आरबीआई ने एक बार फिर रेट में कोई बदलाव नहीं किया था और अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक तनावों का असर देखने की नीति अपनाई थी। एसबीआई की रिपोर्ट कहती है कि खुदरा महंगाई अगले वित्त वर्ष भी कम रहने की उम्मीद है, इसलिए 25



बीपीएस की कटौती सही कदम होगा। वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस का कहना है कि फिलहाल रेट में बदलाव की संभावना कम है और सरकार के निर्यातकों के लिए कोई पैकेज आने पर ही कटौती हो सकती है। आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने बताया कि जीएसटी के नए दो-स्तरीय ढांचे से महंगाई कम होगी, लेकिन इसके बावजूद एमपीएस अक्तूबर में स्थिरता बरकरार रखेगा। Crisil के धर्मकीर्ति जोशी का मानना है कि महंगाई कम होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दरों में कटौती के कारण आरबीआई को रेट कम करने की गुंजाइश है। इसके साथ ही एसबीएम बैंक के मंडर पितले ने कहा कि एमबीसी शायद मौजूदा रेट पर कायम रहेगा और दिसंबर में स्थिति के आधार पर बदलाव कर सकता है। आरबीआई की हालिया रिपोर्ट में भी कहा गया है कि फरवरी से अगस्त के दौरान 100 bps की कटौती का असर बैंकिंग प्रणाली में अच्छी तरह पहुंचा है। कुल मिलाकर, आरबीआई की अगली बैठक में दरों को लेकर सतर्कता और वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों का ध्यान रखा जाएगा।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भारत ने की है जबरदस्त प्रगति: गडकरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बुनियादी ढांचा किसी भी देश की वृद्धि की रीढ़ है और भारत ने इस क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति की है। गडकरी ने यहां 'भारत अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क अवसंरचना देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है। इसमें पांच लाख करोड़ रुपए के निवेश से 10,000 किलोमीटर लंबे 25 नए एक्सप्रेसवे का विकास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, ''बुनियादी ढांचा किसी भी देश की वृद्धि की रीढ़ होता है और भारत ने इस क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति की है। हम सड़क निर्माण में शहरी कचरे का इस्तेमाल करके और हरित ईंधन, इलेक्ट्रिक वाहनों एवं 'स्क्रैपिंग' नीति को बढ़ावा देकर नवाचार कर रहे हैं। गडकरी ने कहा, ''हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है..विकास एवं पर्यावरण को साथ-साथ चलना होगा। तीन 'पी'- पीपल (लोग), प्रॉस्पेरिटी (समृद्धि) और प्लेनेट (ग्रह) के मार्गदर्शन में हमारा लक्ष्य एक सुरक्षित, हरित और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी भारत का निर्माण करना है।' इस कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के मुख्य महाप्रबंधक सुनील जिंदल ने कहा कि पिछले दशक में एनएचएआई ने नई ऊंचाइयों को छुआ है।

# देश की टॉप 10 कंपनियों के कुल मार्केट कैप में 2.99 लाख करोड़ से अधिक गिरावट

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों के मार्केट कैप में 2.99 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। इस सप्ताह बिकवाली का दबाव इतना अधिक रहा कि टॉप 10 में शामिल किसी भी कंपनी के मार्केट कैप में बढ़ोतरी नहीं हो सकी। लगातार हुई बिकवाली के कारण सभी दस कंपनियों का कुल मार्केट कैप 2,99,661.36 करोड़ रुपये घट गया। 22 सितंबर से 26 सितंबर के बीच हुए कारोबार के दौरान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 97,597.91 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 10,49,281.56 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 40,462.09 करोड़ रुपये घट कर 18,64,436.42 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप में तीसरी सबसे बड़ी गिरावट इंफोसिस मे आई। इंफोसिस का मार्केट कैप 38,095.78 करोड़ रुपये लुढ़क कर 6,01,805.25 करोड़ रुपये के स्तर



तक गिर गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 33,032.97 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 14,51,783.29 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 29,646.78 करोड़ रुपये गिर कर 9,72,007.68 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 26,030.11 करोड़ रुपये फिसल कर 10,92,922.53 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 13,693.62 करोड़ रुपये घट कर 5,51,919.30 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 11,278.04 करोड़ रुपये कम होकर 5,89,947.12 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 4,977.99 करोड़ रुपये फिसल कर 6,12,914.73 करोड़ रुपये के स्तर पर और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 4,846.07 करोड़ रुपये की कमी के साथ 7,91,063.93 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,64,436.42 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 14,51,783.29 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 10,92,922.53 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 10,49,281.56 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,72,007.68 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,91,063.93 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 6,12,914.73 करोड़ रुपये) इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 6,01,805.25 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,89,947.12 करोड़ रुपये) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,51,919.30 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

# वसंत कुंज में दुर्गा पूजा पंडाल का उद्धाटन, बंगाल की सांस्कृतिक झलक के साथ मां दुर्गा की विधिवत स्थापना







**मनीषा**

**दिव्य दिल्ली :** दिल्ली के वसंत कुंज इनक्लेव में श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय मंत्री व बिहार के सह प्रभारी आशू चौहान ने भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का रिबन काट कर उद्घाटन किया। बंगाल से आए तीन पुजारियों ने विधिवत पंडाल में मां दुर्गा की भव्य मूर्तियों की स्थापना की। ओर मंत्रों के उच्चारण के साथ आशु चौहान ने नव दुर्गा की मूर्तियों की पूजा की जिसमे आशु चौहान की धर्मपत्नी समाजसेवी अनीता चौहान और श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महिपाल बिड़लान भी उपस्थित रहे। साथ ही समाजसेवी मनोज कुशवाहा चौधरी वीरेंद्र सहरावत फ्हअ के पदाधिकारी समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम की खास बात रही पंडाल में सभी प्रतिमाएं बंगाल से मंगाई गई और पंडाल की सारी सजावट भी बंगाल से आए कलाकारों ने की। दिल्ली के पंडाल में पूरी तरह से पश्चिम बंगाल की झलकियां दिखाई गई और कार्यक्रम में बंगाली समाज के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। ओर सभी ने मां शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## संघ शताब्दी: विजयादशमी पर मण्डल व बस्ती स्तर पर होंगे पथ संचलन

**लखनऊ।** शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पंच परिवर्तन के संकल्प के साथ ही अनेक आयोजन तय किये हैं। शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ विजयादशमी 2025 से होगा। इस अवसर पर अवध प्रान्त में मण्डल व बस्ती स्तर पर पथ संचलन निकाले जायेंग।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त के प्रचार प्रमुख डा. अशोक दुबे ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि अवध प्रान्त में विजयादशमी के उत्सव 02 अक्टूबर से शुरू होकर 12 अक्टूबर तक चलेंगे। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में मण्डल स्तर पर होंगे और महानगरों में बस्ती स्तर पर होंगे। स्वयंसेवक तैयारियों में लगे हैं। प्रत्येक स्वयंसेवक की सक्रियता का प्रयास चल रहा है। कार्यकर्ता इस समय अधिक से अधिक नये गणवेश तैयार करवा रहे हैं।

प्रान्त प्रचार प्रमुख ने बताया कि वर्ष 1925 में विजयादशमी को डा. हेडगेवार ने संघ आरंभ किया था। शताब्दी वर्ष के प्रथम कार्यक्रम में प्रत्येक हिन्दू परिवार से कम से कम एक गणवेशधारी तरूण स्वयंसेवक कार्यक्रम में सहभाग करे तथा प्रत्येक परिवार से मंगलवेश में पुरूष व मातृशक्ति सहभागी हो इसकी योजना बनी है। शाखा की वृहद सूची से स्वयंसेवक संपर्क कर रहे हैं। परिवारों में निमंत्रण भेजे जा रहे हैं।

**विजयादशमी पर अयोध्या में रहेंगे सरकार्यवाह**

अवध प्रान्त के प्रचार प्रमुख डा. अशोक दुबे ने बताया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले 02 अक्टूबर को अयोध्या में रामलला नगर के विजयादशमी उत्सव में शामिल होंगे। इस अवसर पर सरकार्यवाह स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। अयोध्या महानगर के सह जिला कार्यवाह राहुल सिंह ने बताया कि उत्सव के बाद रामकथा पार्क से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार तक पथ संचलन निकाला जायेगा। वहीं लखनऊ में इतिहास संकलन समिति के ?अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री संजय श्री हर्ष शामिल होंगे। राजधानी लखनऊ में बस्ती स्तर पर विजयादशमी के कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसके अलावा अलग–अलग कार्यक्रमों में क्षेत्र व प्रान्त स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे।

## मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त मुखिया गिरफ्तार, गोली लगी



**फिरोजाबाद,।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने रविवार देर रात्रि जिले के टॉप टेन सक्रिय अपराधी हिस्ट्रीशीटर व गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त मुखिया को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है।

अपर पुलिस अधीक्षक देहात अनुज चौधरी ने बताया कि थाना प्रभारी थाना सिरसागंज वैभव कुमार सिंह रविवार देर रात्रि पुलिस टीम के साह सूरजपुर दुगमई नहर के पास चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान नगला खंगर की तरफ से एक अपाचे मोटरसाइकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने रोका तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर एवं चोरी की 01 अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है। एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्त की पहचान मुखिया पुत्र लायक सिंह निवासी गिहार कॉलोनी थाना सिरसागंज के रूप में हुई है। जो थाना सिरसागंज के मुकदमे में वांछित चल रहा था। इसका अपराधिक इतिहास है।घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवदत्त शर्मा के घर से नेपाली नौकर ने साथियों संग की लाखों की चोरी

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 39 में रहने वाले रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के घर से उनके घरेलू नौकर ने अपने साथियों संग मिलकर लाखों रुपए कीमत के जेवरात नगदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना के समय आईएएस अधिकारी अपनी पत्नी समेत लखनऊ गए हुए थे। उन्होंने नेपाली नौकर को दो महीने पूर्व ही नौकरी पर रखा था। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के जी- 2 सेक्टर 39 में रहने वाले रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवदत्त शर्मा के घर पर प्रकाश बहादुर नामक नेपाली युवक दो महीने से काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि रिटायर्ड अधिकारी अपनी पत्नी संग



घटना के समय लखनऊ गए थे। रविवार की रात एक बजे के करीब घरेलू नौकर प्रकाश ने अपने साथियों को घर पर बुलाया। वे एक मारुति कार में सवार होकर आए। चोरों ने घर के अंदर रखे हुए लॉकर और अलमारी आदि तोड़ दी, तथा वहां रखे लाखों रुपए कीमत के जेवरात नगदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। चोर करके जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। मीडिया प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना आज सुबह को पुलिस को मिली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फॉरेसिंक टीम और पुलिस के अधिकारी जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे और सर्विलांस विधि के आधार पर नेपाली नौकर और उसके साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट हर जगह पर एलर्ट जारी कर दिया है। पुलिस को आशंका है कि यह एक संगठित गिरोह है जो लोगों को घरों में नौकर के रूप में प्रवेश करता है तथा अपने साथियों के संग चोरी करता है।

अति सुरक्षित सेक्टर 39 में हुई रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के घर में चोरी की घटना ने आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के मन में भय पैदा कर दिया है। मालूम हो कि रिटायर्ड अधिकारी देवदत्त शर्मा मेरठ के कमिश्नर के अलावा नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और चेयरमैन भी रह चुके हैं। वह उत्तर प्रदेश एक लोकप्रिय आईएएस अधिकारी रहे हैं। मौजूदा समय में वह कई सामाजिक संस्थाएं चला रहे हैं।

## ऑनलाइन गेम में लाखों रुपए हारा, युवक ने खुद को अपहृत बताकर परिवार से मांगी फिरौती, गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर के थाना फेस-दो पुलिस ने खुद के अपहरण की कहानी रचने वाले युवक को रविवार को गिरफ्तार किया है। इसने अपने परिजनों से 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। आरोपों ऑनलाइन गेम में 4.70 लाख रुपए हर गया था। उसके बाद उसने छोटे भाई के मोबाइल पर मुंह, हाथ, पैर बधे होने की फोटो भेजकर फिरौती मांगी थी। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 24 सितंबर को फेस-दो थाने में कासगंज निवासी किशोर ने सूचना दी थी कि 2 सितंबर उसका बड़ा भाई आसाराम नोएडा के नयागांव में रहने वाले अपने जीजा के पास आया था। 17 सितंबर को वह कासगंज जाने के लिए निकला। पर घर नहीं पहुंचा। 21 सितंबर को शिकायतकर्ता के मोबाइल पर फोन आया कि उसके भाई का अपहरण कर लिया गया है। अगर 3 दिन में 20 लाख रुपए नहीं दिए तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। शिकायतकर्ता के मोबाइल पर आसाराम के कई फोटो भी भेजे गए थे। उसमें उसके मुंह पर पट्टी बंधी थी। हाथ पैर भी बंधे थे। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि आसाराम की लोकेशन हिमाचल प्रदेश के सोनल जनपद में मिली। जो तस्वीर भेजी गई थी उनमें कमरे की टाइल भी दिख रही थी। टाइल पर अलग-अलग डिजाइन



थी। उन्होंने बताया कि सोनल में नोएडा पुलिस पहुंची। करीब 40 घर की तलाशी के बाद पुलिस ने सोलन के उस घर को की पहचान की जहां से फोटो भेजी गई थी। जब उस मकान की तलाशी ली गई तो एक कमरे में आसाराम मोबाइल चलाते हुए मिला।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आसाराम ने बताया कि वह ऑनलाइन गेम में रुपए हार गया था। वह लगातार गेम खेल रहा था। कभी जीतता था, कभी हार जाता था। इसके लिए उसने दोस्तों से पैसे उधार लिए थे। कुछ समय पहले वह ऑनलाइन गेम में 4.70 लाख रुपए हार गया था।

अपने जीजा के यहां रहने के दौरान उसमें खुद के अपहरण की पटकथा तैयार की। वह घर के लिए निकलने के बाद दादरी पहुंचा तो जीजा को कॉल कर बताया कि कासगंज के लिए बस मिल गई है। इसके बाद वह दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां से वह हिमाचल प्रदेश के काथा गांव चला गया। उसने हिमाचल प्रदेश में पहले नौकरी की थी। इसलिए वहां की भौगोलिक स्थिति की उसे जानकारी थी। उसने एक व्यक्ति से दोस्ती की तथा उससे अपने मुंह ,हाथ और पैर बांधने के लिए कहा। फोटो खिंचवाए, आवाज बदलकर मोबाइल से व्हाट्सएप कॉल कर छोटे भाई से खुद के अपहरण की जानकारी दी। तस्वीर भेजी। फिरौती में 20 लाख रुपए की मांग की। उन्होंने बताया कि इसके पास से पांच डेबिट कार्ड और एक आधार कार्ड बरामद हुआ है। वह कलर ट्रेडिंग बीडीजी गेम एप में पैसे लगता था। उसे एक साल पहले यह लत विज्ञापन देखने के बाद लगी। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह जल्द अमीर बनना चाह रहा था। अपने सपने को पूरा करने के लिए उसने ऑनलाइन गेम को चुना। वह सोचता था कि ज्यादा पैसे लगाने से ज्यादा जीतेगा। उसे आशा थी कि उसके परिवार वाले जमीन बेचकर फिरौती के रूप में उसे छुड़ाने के लिए पैसे दे देंगे।

## नकली आभूषण बेचने वाला गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** नकली सोने - चांदी का आभूषण को असली बताकर बेचने वाले नटवरलाल को थाना सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह बीए पास है। आरोपी हरियाणा का रहने वाला है।

पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि थाना सूरजपुर पुलिस और सर्विलांस टीम ने शनिवार की शाम को पंकज कपूर निवासी जनपद पानीपत हरियाणा को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। यह इंदिरापुरम के साया अपार्टमेंट में रह रहा था। वह 3 साल से दर्जनो लोगों के साथ ठगी कर चुका था। पुलिस की कुछ दिनों से उसकी तलाश थी। उन्होंने बताया कि आरोपी नकली आभूषणों पर शुद्धता की मोहर लगता था। कई ग्राहकों को ऐसे गहने बेच देता था। आरोपी के पास कोई वैध लाइसेंस या जीएसटी पंजीकरण नहीं मिला। आरोपी गाजियाबाद में दर्ज गैंगस्टर एक्ट में भी वांछित चल रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी के भाई की ज्वेलरी की दुकान है। सुनार परिवार का होने के कारण उसे सोने- चांदी की जानकारी थी।

उन्होंने बताया कि इसके पास से नकली सोने की बने हुए 61 कड़े, 71 अंगूठियां, गले की 25 चेन 26 मंगलसूत्र, 8 ब्रेसलेट, 170 झुमकी, चांदी के नोट, मूर्तियां, 13 कटोरी, खड़ाऊं आदि बरामद हुआ है।

## नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत


**गौतमबुद्ध नगर।** नोएडा के थाना सेक्टर 113 क्षेत्र में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक को नशा मुक्ति केंद्र की ओर से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

थाना सेक्टर 113 के प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने सोमवार को बताया कि राजेश (22) को सेक्टर 122 स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया गया था। रविवार को राजेश की तबीयत बिगड़ने पर सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करेंगे तो रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

## वाराणसी: जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सोमवार को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने जनता दर्शन में जन सुनवाई की। जनसुनवाई में अपनी समस्याओं को लेकर फरियादी पूर्वांह 9 बजे से ही जिलाधिकारी



कार्यालय में पहुंचने लगे थे।

जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने जन सामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं यथाशीघ्र निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।

## औरैया : दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में दिल्ली-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर सोमवार सुबह एक यात्री की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। आरपीएफ ने शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त कराने के साथ अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।



रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मी राजेंद्र और धीरज कुमार ने बताया कि आज लगभग छह बजे एक ट्रेन के लोको पायलट ने दिल्ली-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग के अप ट्रैक पर एक युवक के शव की जानकारी औरैया स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद आरपीएफ को मेमो भेजा गया। इस सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

आरपीएफ कर्मियों के मुताबिक प्रारंभिक छानबीन में पता चला है कि कानपुर से इटावा की ओर जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन के पायदान पर बैठकर सफर कर रहा युवक अचानक नींद के कारण संतुलन खो बैठा और अछल्दा के बैशाली गांव के समीप ट्रैक पर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पहचान का प्रयास किया गया, लेकिन तलाशी के दौरान कोई पहचान पत्र नहीं मिला। केवल एक टूटा हुआ आईटेल कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष की लग रही है। उसने नीली जींस और हल्के गुलाबी रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। पुलिस मृतक की पहचान कराने के लिए आसपास के थानों और जिले में सूचना प्रसारित कर दी गई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मोबाइल फोन से पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पशु व्यापारी की हत्या में शामिल बदमाश गिरफ्तार

**गौतमबुद्ध नगर।** थाना दनकौर क्षेत्र के बिलासपुर में रहने वाले पशु व्यापारी मोहम्मद कुरैशी की सात दिन पूर्वी हुई हत्या के मामले में पुलिस में एक आरोपित को आज गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह हत्या पैसों के लेनदेन के चलते हुई थी।

अपर पुलिस उपयुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि एक सूचना के आधार पर सोमवार को थाना दनकौर पुलिस ने ग्राम अटाई के रहने वाले अवनीश को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक चाकू, मृतक का मोबाइल फोन, जूता, कपड़ा तथा मृतक से लूटे हुए 45 हजार रुपये नगद भी बरामद किये हैं। उन्होंने बताया कि पशु व्यापारी और आरोपित में पैसे को लेकर विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन आरोपित ने पशु व्यापारी को पैसे लेकर अपने पास बुलाया। वह 70 हजार रुपये लेकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर इसके पास पहुंचा, तभी उसने चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी और उसके पास रखे हुए 70 हजार रुपये, मोबाइल फोन, आदि लूट लिया था। उन्होंने बताया कि आरोपित को आज न्यायालय में पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पशु व्यापारी के परिजनों ने कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। अब तक की जांच में उनकी भूमिका इस घटना में नहीं पाई गई है।

## दो गौ तस्कर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में पुलिस मुठभेड़ में बड़ोत कोतवाली पुलिस ने दो गो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों गौ तस्कर दिल्ली के रहने वाले हैं जिनके पास से तमंचा, कारतूस,छुरा ओर एक गाड़ी बरामद हुई है।

मुठभेड़ की यह घटना अलावलपुर अंडरपास बड़ोत कोतवाली क्षेत्र में हुई है। बडौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि पुलिस रविवार रात चेकिंग कर रही थी। चेकिग के दौरान टाटा पंच गाड़ी में कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दिए। पुलिस ने रोका तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों को गिरफ्तार किया गया है। चेकिंग के दौरान पुलिस को उनके पास से तमंचा, कारतूस छुरा और पशु कटान का सामान मिला है। पूछताछ में दोनों युवकों ने बताया, रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वह घूमंतु गोवंशों को निशाना बनाते थे। उनका अवैध कटान कर गाड़ी में डालकर ले जाते थे। दोनों आरोपी दिल्ली इंद्रलोक के रहने वाले है। जिनका नाम फाजिल पुत्र तालिब व दानिश पुत्र चांद है। दोनों आरोपियों के खिलाफ बड़ोत कोतवाली पुलिस ने गौ तस्करी और अवैध कटान संबंधी पशु क्रूरता अधिनियम सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है।

# शारदीय नवरात्र: सातवें दिन मां कालरात्रि के दरबार में श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी


## शारदीय नवरात्र: सातवें दिन मां कालरात्रि के दरबार में श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी


**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी शारदीय नवरात्र में शक्तिपूजन में लीन है। शारदीय नवरात्र में सातवें दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पास कालिका गली में स्थित मां कालरात्रि के दरबार में हाजिरी लगाई। वहीं, नवरात्र में परम्परानुसार लोगों ने मां अन्नपूर्णा के दरबार में भी दर्शन पूजन किया।

इस बार शारदीय नवरात्र में चतुर्थी तिथि का दो दिन मान रहने के कारण लोगों ने आदि शक्ति के दोनों स्वरूपों के चौखट पर मत्था टेका। कालिका गली में स्थित मां कालरात्रि के दरबार में भोर में ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं थीं। मां कालरात्रि के दरबार में सांचे दरबार का जयकारा लगता रहा। दरबार में दर्शन-पूजन का क्रम देर शाम तक चलजा रहेगा। मंदिर परिसर में देवी की स्तुति भी लोग करते रहे। माला-फूल, धूप-बत्ती और लोहबान की गंध से दरबार गमकता रहा। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माला, गुड़हल के पुष्प, चुनरी, नारियल, फल, मिष्ठान, सिंदूर, रोली, इत्र और द्रव्य अर्पित कर घर परिवार में सुख शान्ति की अर्जी लगाई। काशी में मान्यता है कि मां काली के दरबार में दर्शन पूजन करने वाले भक्तों की अकाल मौत नहीं होती है, इसके अलावा परिवार में सुख समृद्धि भी मिलती है। ज्योतिषविद और मां दुर्गा के उपासक रविन्द्र तिवारी ने बताया कि आदिशक्ति का यह रूप शत्रु और दुष्टों का संहार करने वाला है। माता कालरात्रि का स्वरूप बहुत ही विकराल और रौद्र है। पुराणों के अनुसार माता के इस स्वरूप को चंड-मुंड और रक्तबीज सहित अनेकों राक्षसों का वध करने के लिए उत्पन्न किया गया था।


Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at Dinesh Sharma 19, DSIDC Sheds, Scheme 3, Okhla Phase-2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No.- DLHIN/25/A2321